This demon unleashes terror and unrighteousness all around. When pursued by superior righteous strength, he hides himself in the vast conch shell which forms his abode. Lord Krishna jumps into the sea and challenges to a battle the demon who has been perpetrating horrible atrocities upon the devout. Shankhasur is killed and his conch shell, called Panch-Janya, becomes a coveted possession of the yaadavas. This episode too is the content of one of the pictures lightly sketched by Krishna Joo.

Spirituality in Devotion

As the Pandavas are befriended by Lord Krishna during their exile, they recognize the essential divinity of their kinsman. They start supplicating before him in deep devotion. This is resented by a contemporary prince, Shishupal, who regards Krishna nothing better than a common cowherd. Shishupal nourishes grudge against Krishna also for eloping away with his sister Rukmini. Lord Krishna, the merciful, forgives Shishupal's impertinence a number of times. He cuts off Shishupal's head with his rotating disc (Sudharshan Chakra) as the latter persists in pouring forth abusive language. This episode too forms one of the painted canvases in Krishna Joo's vast picture gallery.

With his carnal passions perfectly under control, Lord Krishna dallies with 16108(Sixteen thousand one hundred eight) ladies and maidens. Razdan Sahib paints this fact with light verbal strokes. Lord Krishna's separate dalliance with each Gopi is an objectification of the essential oneness of God. Lord Krishna sows rubies from a string which, first changing the sapling; develop into sizeable trees bearing rubies on boughs and branches. Collecting these rubies the messenger from Radhika grows quite rich. In this picture-frame, Razdan Sahib also includes the spectacle of a pearly shower sent by Lord Shiva to lash the Kashmir landscape. At the end of the frieze, Razdan Sahib juxtaposes the portraits of Lord Vishnu and Lord Mahesh with their divine consorts Laxmi and Gauri.

Razdan's perpetual struggle

Spiritual progress enjoins an arduous effort. Spiritual bliss and enlightenment are realizable only through constant meditation and assiduous observance of high psycho-physical discipline. This is manifest from Pt Krishna Joo Razdan's all devotional lyrics. We observe him as a seeker constantly seeking to realize Brahman. Sometimes, he is a dualist with an impersonal concept of God. Soon he becomes a dualist with a personal concept of God. Again he feels that Advaita Vedantic monism is the highest truth. The bard's imagination, surcharged with devotional ecstasy, keeps shifting constantly from one point of view to the other. He is obviously living the experiences which he is communicating through his devotional lyrics. Being a true devotee of God, he feels divine contemplation an existential indispensability. He is painfully conscious about the dwindling numbers of Kashmiri Pandit community. He fears its complete extirpation due to the prevalence of numerous social evils.

Razdan Sahib is proud *of* Kashmiri language which is the principal medium of his poetic expression. He regards it dearest to the Mother Goddess. He is convinced that salvation for Kashmiris is attainable only by singing praises of the Mother Goddess in Kashmiri language. Razdan Sahib's poetry objectifies his perpetual struggle for comprehending the mysterium tremendum enveloping man all around.

Subjective idealism

Idealism is the school *of* philosophy which regards God or Brahman as the ultimate reality. This Philosophy is the bed - rock of all religions *of* the world. Some philosophers believe that man and God are essentially one. God is attainable by directing sense perceptions inwards towards the self. This is the cardinal viewpoint *of* subjective idealists. Essential Brahmanism too is subjective idealism. There are other idealists who, recognizing the existence of God, consider Him an entity separate from man. For them, God directs the course of nature. He is an entity outside man. Man is answerable for his actions to God on the day *of* resurrection. This type of idealism is called objective idealism. It is the main philosophic content of the religions like Islam and Christianity.

In some of his lyries, we observe Razdan Sahib marshalling the basic postulates *of* objective idealism. There are others in which subjective idealism is the poet's predominant philosophical preoccupation. He discerns greater rectitude in the subjective philosophical postulates. In *one of* his poems, he advocates observance *of* Islamic practices for the enjoyment *of* spiritual bliss. Razdan Sahib's lyrics objectify the great bard's patient perpetual struggle *for* comprehending the mystery *of* existence. He perpetually investigates the validity *of* polytheistic and monistic religious concepts. He is sometimes a polytheist objectifying his devotion separately *for* Brahma, Vishnu and Mahesh. In such moods, Rama and Krishna are two different incarnations. But at the same time, he regards all the principal gods of Hindu pantheon a single entity. God appears to him permeating every cosmic object around. In the concluding couplets of Maharaja Mahadevun Che Chuui Saal, he reveals his belief in the essential monistic nature *of* God. He longs *for* the realisation of the eternal truth *of* advaita vedantic monism and desires to realise his essential oneness with God.

पण्डित कृष्ण जू राज़दान का कृष्ण-काव्य

–प्रोफसर (डॉ.) भूषणलाल कौल

पण्डित कृष्ण जू राज़दान (1850-1926 ई.) में सैंकडों लीलाएँ सगुण कृष्ण के मनमोहक छविचित्रों को साकार रूप प्रदान करने के लिए लिखी हैं। माधुर्य गुण से ओत-प्रोत इन लीलाओं में कृष्ण की बाल्यावस्था से लेकर राज्य प्राप्ति तक के सुन्दर चित्र देखने को मिलते हैं। जसोदा और नन्द बाबा के प्राणप्रिय माखनचोर के नटखट जीवन से सम्बन्धित अनेक छवि चित्र उन्होंने बड़ी तन्मयता के साथ प्रस्तुत किए हैं।[1] इन लीलाओं में लोकजीवन के अनेक सौन्दर्य-बिम्ब साकार हो उठे हैं। नाद सौन्दर्य की दृष्टि से भी इन लीलाओं का अपना विशेष महत्त्व है। संगीत के साथ पण्डित जी को विशेष लगाव था। वे स्वयं एक अच्छे गायक थे और प्रायः अपनी रचनाएँ गाकर सुनाते थे। मस्त होकर गाने के साथ नृत्य भी करते थे। किसी भी कश्मीरी भक्तकवि में लोक-संगीत के साथ इतना आकर्षण नहीं रहा है जितना पण्डित कृष्ण राज़दान को था। बहते झरनों के झरझर में, वेगवान पवन के झकोरों में, पक्षियों के कलरव में, पत्तों की सरसराहट में और नदियों की कल-कल ध्वनि में उन्हें कृष्ण बाँसुरी का नाद सुनाई देता है। वस्तुतः सम्पूर्ण प्रकृति को कृष्णमय देख कर वे रस छलकाते आत्मविभोर हो उठते हैं।

पण्डित जी मूलतः शिवभक्त थे–शिव और शक्ति के अनन्य उपासक लेकिन साधना के पथ पर वे एक महान समन्वयकारी सिद्ध हुए। यही कारण है कि शिव में ही उन्हें केशव का स्वरूप दिखाई देने लगा फलतः शिव और केशव की स्तुति-वन्दना उन्होंने एक साथ की। भक्ति और लीला काव्य के क्षेत्र में यह समन्वयकारी विश्वास अपने भाव में अद्भुत था।

पण्डित कृष्ण राज़दान की उल्लेख की कृष्ण लीलाएँ हैं–

अ) **बाल कृष्णस छस ब्व प्रारान छाल मारान यी ना**
बंसरी छस कन ब्व दारान शब्द बूज़िथ मत ना
जसुदा छस पत् लारान छाल् मारान यीना।2

हिन्दी अनुवाद

बाल कृष्ण की है प्रतीक्षा
उछल कूद कर आ जाते।
बाँसुरी नाद पर ध्यान धरती हूँ
क्यों न बौराऊँ नाद सुनते ही
पीछे दौड़ती है जसोदा
उछल कूद कर आ जाते।

आ) **बालक अवस्थायि लगयो लो लो**
मन मंज़लिस मंज़ कॅरय हो तो
वसुदेव निस निनसुई लग्यो
गोकुल स्यथ यिनसुई लग्यो
जसोदायि दुवद वनुसुई लग्यो
मन् मंज़लिस मंज़ करय हो हो।3।

हिन्दी अनुवाद

बालक अवस्था पर मैं बलिहारी
मन-हिंडोले में दुलराऊँ
वसुदेव निकल पड़े लेकर तुझ को, मैं बलिहारी
गोकुल जा पहुँचे लेकर तुझको, मै बलिहारी
जसोदा माँ का दूध पिया, मैं बलिहारी
मन-हिंडोले में दुलराऊं।

इ) **मोरली शब्द असिग्वकननं वननं छि राधा कृवणह्य आव**
जसोदा छय नन्द गूरिस वनन जगत यस जाव सुयी असि ज़ाव
ऑस मुव्ररोवमस आश्व़र छुनॅनन वनन छि राधा कृष्ण हय आव।4।

हिन्दी अनुवाद

कानों में गूँज उठा है मुरली नाद
कहते हैं राधाकृष्ण पधारे हैं।
नन्दग्वाल से जसोदा बोली–
जन्मा है जगत जिस से वही जन्मा हमारे घर
मुख खोला जब उसका आश्चर्यचकि हुई
कहते हैं राधा कृष्ण पधारे हैं।[4]

ई) **'आव हय नन्दलाल ब्रिन्दाबन**
सुत्य गूपियन गिन्दने
टॉठ राधा छंस क्रेशन त़स छु आमुत वुछने
मथरायि त्रॉविथ रुक्मण सुत्य गूपियन गिन्दने
पूतनायि दौप द्ववद बू बावन ज़हर बब् लॉज बॅरने
अकि दाम् गयि अथ् हावान सुत्य गूपियन गिन्दने।

हिन्दी अनुवाद

नन्द लाल आए हैं वृन्दावन रास खेलने गोपियों के संग।
तड़प रही थी प्रिय राधा उसे देखने आए हैं
छोड़ मथुरा में रुक्मिण रास खेलने गोपियों के संग
पूतना ने कहा दूध पिलाऊँ विष भरने लगी स्तनों में
एक वूस[5] से निकले उसके प्राण रा खेलने गोपियों के संग
नन्द लाल आए हैं वृन्दावन।[6]

उ) **शाम् कॉल्य गूरि बालकन सुत्य कमि हाल्**
बुछ यिवान शाम् लाल कामधीन् स्यथ।'6

हिन्दी अनुवाद

जाने किस हाल में! सायम्
ग्वाल बालों के संग
आते देखा श्यामलाल को
कामधेनुओं को साथ लिए।

ऊ) **लालु यितु सालु प्यालु हो बरयो**
मालु करै मालु हो करयो।7

हिन्दी अनुवाद

प्रिय! निमन्त्रण है तुझ को
मैं भरपूर आतिथ्य सत्कार करूँगी
मालाएँ तैयार रखूँगी
हाथों हाथ लूँगी तुझको।

पण्डित कृष्ण जू राज़दान ने अत्यन्त सुन्दर रास-लीलाएँ लिखी हैं। इन लीलाओं में रास-नृत्य का नाटकीय चित्रण वस्तुतः कृष्णमय होने की अवस्था का यथार्थबोध है। कृष्ण लीला का अभिनय-युक्त नाटक वस्तुतः रास कहलाता है। नृत्य, गायन, काव्य एवं अभिनय का एक अद्‌भुत संगम जिस में निर्बाध गति से प्रवाहित होता है—शृंगार रस। गोपियाँ कृष्ण के साथ रास मण्डल में बन्धकर रास-विलास में लीन हो जाती हैं। रास-बिहारी ही इस रास मण्डल की शोभा है और इस नृत्य प्रधान गायन का मुख्य संचालक। रास-लीला में कृष्ण के अतिरिक्त राधा की भूमिका भी पर्याप्त महत्त्वपूर्ण है और वातावरण को आनन्दमय अथवा रसमय बनाने में शेष गोप बालाएँ भी अपनी भूमिका निबाहती हैं। प्रत्यक्ष रूप में अथवा लौकिक धरातल पर इसमें नृत्य और गायन के साथ शृंगार से सम्बन्धित भाव-भंगिमाओं का प्रदर्शन होता है लेकिन अलौकिक दृष्टि से यह परमानंद की वह अवस्था है जहाँ जीव अपने वजूद से संकीर्ण बन्धनों से ऊपर उठकर उस स्थिति में पहुँच जाता है जहाँ प्रकृति के कण-'कण में कृष्ण की छवि व्याप्त दिखाई देती है अथवा सारा वातावरण कृष्णमय प्रतीत होता है। कृष्ण उराण की हाला पीकर इस मण्डलाकार नृत्य-प्रधान गायन में गोप-गोपियाँ परमानन्द का अनुभव करती हुई लीन हो जाती हैं। यह सत्य है कि रास लीलाओं में शृंगार रस का प्राधान्य रहता है। लेकिन उस आनन्दावस्था में भी कश्मीरी कवि-मानस चिन्तन के स्तर पर किसी न किसी रहस्यमय तथ्य को रेखांकित करता हुआ रास क्रीड़ा के आनन्द में लय हो जाता है। रास भूमि पर रास मण्डल की परिधि में रास-विलास में निमग्न रास-बिहारी की मनमोहक छवि पण्डित कृष्ण जू को अधीर बना देती है। वे (पण्डित कृष्ण जूराज़दान) अत्यन्त सहज एवं शुद्ध भक्ति-भाव के साथ स्थिरचित होकर अपने प्रिय (कृष्ण) में लीन हो जाते हैं। कृष्ण राज़दान की रास लीलाओं में एक निश्छल भक्त-हृदय भी विशुद्ध प्रेमाभिव्यक्ति साकार हो उठी है। रास में लीन होकर अथवा खोकर बिन्दु (जीव) अपने क्षुद्र अस्तित्व को सिन्धु (असीम) में विलीन कर देता है। यह अलौकिक आनन्द की स्थिति है। डॉ. शशि शेखर तोषखानी के शब्दों में—

"रास कृष्ण राज़दान के गीतों में एक उदात्त अतीन्द्रिय उल्लास के रूप में बिम्बित है।"[9]

पण्डित कृष्ण जू राज़दान की उल्लेखनीय रास लीलाएँ है।—

अ) **समिव, करव अथवास**
पकिव रास गिन्दने
शै रयथ साँपून कुनी रात गोपीनाथ तच़नि लोन
वहर दोह ग्व पहर मास पकिव रास गिन्दने

हिन्दी अनुवाद

'यकजा हो जाओ, मिला के हाथ परस्पर
चलो, रास खेलने चलें
इकरात हुई छः मास, जब गोपीनाथ नृत्यमग्न हुए
दिन भयो साल और पहर हुआ मास, चलो रास खेलने चलें।

आ) **'कृष्णनस छ़ारान ॲस्य गयि मचै**
न्यसफ़ शबन न्यन्दरे हुचै
नच़न नच़न वनान छिवव़न
अन्दस तु मंज़स वानय छिनच़न
श्यामस छ़ारान ॲस्य गयि छवै
न्यसफ़ शबन न्यन्दरे हुचै।11

हिन्दी अनुवाद

पगला राई दोहु लगा ते कृष्ण की
हम, अर्द्धरात्रि में उनींदी आँखों से
नाच़ नाच़ के गाती गीत
स्वयं नाचती घेरे पर और मध्यमें
रंग पड़ गया फीका श्याम को ढूँढ़ते ढूँढ़ते
हम, अर्द्धरात्रि में उनीदीं आँखों से
पगला गई टोह लगाते कृष्ण की।

इ) **मन म्योन बिन्द्राबन तु लोलो आत्मरूप नारायण तु लोलो**
कृष्णनाव छु आनन्द गण तु लोलो कृष्ण नाव छु मूखि-भकत्यन लोलो
कृष्ण नावं छु प्राणं प्राणियन तु लोलो कृष्ण नाव छुअन्य प्राणन तु लोलो।12

हिन्दी अनुवाद

मन मेरा है वृन्दावन लोलो[13]
आत्मरूप है नारायण लोलो।
कृष्ण नाम है आनन्द-गण लो लो
कृष्ण नाम है मोक्ष भक्तों को लोलो
कृष्ण नाम है प्राण प्राणियों में लो लो
कृष्ण नाम है अन्न (शक्ति) प्राणों को लोलो।

इन लीलाओं का गहन अध्ययन करने के पश्चात् यह बात स्पष्ट होती है कि राज़दान साहब विष्णु के सगुण रूप पर मोहित थे। यह सत्य है कि साधन पथ पर प्रकृति के अणु-अणु में उन्हें शिव की ज्योति प्रतिबिम्बित दिखाई देती है लेकिन शिव केशव से भिन्न नहीं है—

शिवुई छु केशव केशव छु शिवुई
थॅनि ओस अद् प्योस ग्यवुई नाव।'[14]

हिन्दी अनुवाद

शिव ही हैं केशव और केशव शिव हैं
माखन था पले फिर घृत नाम पड़ा है।

यहाँ वैष्णव भक्ति की माधुर्य उनके इष्ट देव शिव को समझने और तत्पश्चात् शिवमय होने में सहायक सिद्ध हुआ है, बाधक नहीं। समन्वय उनकी साधना का मूल ध्येय रहा है।

मोहन के मन-मोहक गुणों का उल्लेख करते हुए कवि वास्तव में अपने मानस के हर्षोल्लास को अभिव्यक्त करते हैं। लयावस्था में लीलामग्न लीलागान करते हुए अभिव्यक्ति जब पौराणिक सन्दर्भों के साथ जुड़ जाती है तो कलात्मक और आकर्षक होने के साथ-साथ वैचारिक स्तर पर भी महिमा मण्डित हो जाती है। बिन्द्राबन का वैकुंरु हो जाता इसी स्थिति का परिणाम है।

पण्डित कृष्ण जू राज़दान ने हिन्दी भाषा में भी कृष्ण लीलाएँ लिखी हैं। कश्मीर क्षेत्र में 19वीं शताब्दी में व्यवहृत हिन्दी का यह बोलीगत रूप हैं। कश्मीरी में सोची हुई पंक्तियों का अक्षरशः हिन्दी अनुवाद'[15] नहीं तो हिन्दी रचनाओं के प्रणयन में भी उनकी मौलिक सृजनात्मक प्रतिभा का भरपूर योगदान रहा है। एक नहीं; अपितु अनेकों उदाहरणों के द्वारा इस तथ्य की पुष्टि की जा सकती है। एक 'कृष्णगीत' शीर्षक लीला से ये काव्य-पंक्तियाँ देखने योग्य हैं—

'हुआ वैकुंठ बिन्द्राबन जो नन्द न हो तो ऐसा हो
वही निर्मल वही निर्गुण निरंजन हो तो ऐसा हो
ब्रह्मानन्द गण पूर्ण सुदर्शन हो तो ऐसा हो
कराना शत्रुक्षय अर्जुन सहारा हो जो ऐसा हो
कृष्ण चन्द्र उर्ज्जुवल रोशन सितारा हो तो तो ऐसा हो।
जसोदानन्द का प्यारा कुँआरा हो तो ऐसा हो।
लड़कपन में किस बन बन नज़ारा हो तो ऐसा हो
हुआ बैकुंठ बिन्द्राबन जो नन्दन हो तो ऐसा हो।
हुआ गोकुल से जब जाना बहाना हो तो ऐसा हो
कंस ने काल तबमाना जो होना हो तो ऐसा हो
कराना शत्रुक्षय अर्जुन सहारा हो तो ऐसा हो
कृष्ण चन्द्र उज्ज्वल रोशन सितारा हो तो ऐसा हो
हुआ बैकुंठ बिन्द्राबन जो नन्दन हो तो ऐसा हो।'16

गोपियों से सम्बन्धित कृष्ण प्रेम के दो महत्त्वपूर्ण आयाम हैं एक है इसका आलौकिक पक्ष और दूसरा लौकिक पक्ष लौकिक पक्ष में जीवन जीने की धड़कनें साफ़ सुनाई देती है। यहाँ आकर्षण की डोर में बन्ध जाने की बलवती इच्छा है, दो से एक होने की लालसा, प्राणप्रिय पर निछावर होने का दृढ़संकल्प, निष्ठुर पिया से बतियाने और आँखों-आँखों में सब कुछ कहने, सुनने और समझने की तमन्ना (अभिलाषा, कामना) है। ऐसी विकट स्थिति में साजन और सजनी के मध्य सखी का प्रसंग महत्त्वपूर्ण होने के साथ-साथ हया की बात पिया तक पहुँचाने का साधन भी तो है। गोकुल वास में राधा प्रसंग भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। गोकुल के समीप बरसाने गाँव के गोपराज वृषभान की कन्या राधा कृष्ण की चहेती है। चंचल, चतुर और विनोद-प्रिय राधा को अपने आकर्षण की डोर में बांध कर श्री कृष्ण उसे बहुत तड़पा देता है। इस प्रसंग को यदि लौकिक दृष्टि से ही देखा जाए तो अत्यन्त आकर्षक प्रतीत होता है। राधा कृष्णमय होने के लिए आतुर है। चितचोर पिया को 'नन्दग्वाल की अकनन्दुन' कहकर राज़दान साहब ने उसे एक सुदृढ़ लोकाधार प्रदान करने का प्रयास किया है। परवश होकर राधा अपना सब कुछ दाव पर लगा लेती है। यह परवशता ब्रह्म के प्रति जीव की है। इष्ट के प्रति भक्त की है, असीम के प्रति ससीम की है—

छस ब्वव राधा कृष्ण नावस कल् वन्दनयी यियी ना
च्यथ म्यॅ न्यूनन नन्द गोरिन्य अकुनन्दुनयी यियीना
जसोदानन्द आनन्द कन्द गोव्यन्दनयी मन न्यूनम
न्यरद्वन्द्वनुय, निस्पन्दनुय, नाद् ब्यन्दुनुय मनन्यूनम
प्रेम ज़ालसं मंज़ लागन वाति कुस तस कन्दनुय
च्यथ म्यॅ न्यूनम नन्द् गोरिव्य अकनन्दनयी यियीना।17

हिन्दी अनुवाद

मैं राधा कृष्ण की बलिहारी काश्! आ जाते
चितचोर पिया! नन्दग्वाल के अकनन्दुन[18] आ जाते।
जसोदानन्द आनन्द क़न्द गोविन्द ने मन मोहलिया
निर्द्वन्द्व ने, निस्पन्द ने, नाद बिन्दु ने मन मोहलिया
प्रेम जाल में जो उलझाता समझेगा फन्द (फाँस) उस के कौन?
चितचोर पिया! नन्द ग्वाल के अकनन्दुन आ जाते!

इस प्रकार यह बात स्पष्ट होती है कि पण्डित कृष्ण जू राज़दान श्री कृष्ण के सगुण रूप के प्रति आकृष्ट थे, विशेष कर कृष्ण के बाल रूप और किशारे रूप ने उन्हें मोहलिया था। उन्होंने कृष्ण लीलाओं में जीवन की सार्थकता को खोजने का प्रयास प्रयास किया। उन की लीलाओं में गिरिधारी अथवा तुंगीश की तुलना में घनश्याम का महत्त्व अधिक है।

इन की कृष्ण लीलाओं पर भागवत पुराण के दशम स्कन्ध का गहरा प्रभाव पड़ा है। सम्भव है कि वही उनके सृजन की प्रेरणा स्रोत रहा हो। लेकिन इस बात में कोई सन्देह नहीं कि 'ऐश्वर्यमय कृष्ण' की तुलना में 'माधुर्यमय कृष्ण' ने उन्हें अपनी ओर सर्वाधिक आकर्षित किया है। 'बिन्द्राबन' (वृन्दावन) का वैकुंठ हो जाना तो उसी स्थिति का परिणाम है। अभिव्यक्ति को सशक्त और ग्राह्य बनाने के हेतु कवि ने लोक में व्यवहृत मुहावरों, कहावतों और शब्द-प्रयोगों के साथ-साथ नाना प्रकृति दृश्यों का भी चित्रांकन किया है। लोक भाषा को कृष्ण राज़दान ने कृष्ण काव्य के लिए व्यापक स्तर पर ग्रहण किया है। उनके सम्पूर्ण कृष्ण काव्य में लोक नायक कृष्ण के मनमोहक दृष्टि बिम्ब और छविचित्र आस्था और विश्वास के अनुकूल भक्तजनों के मोहित कर देते हैं। उन में सृजन की अद्भुत क्षमता थी। व्यथा, वेदना, विरह, विनति, प्रतीक्षा

उलाहना मिला, लयावस्था, रासआनन्द, मैत्रीभाव, शृंगार सुख, अङ्गस्पर्श एवं बन्धन मुक्ति सब कुछ हमें इन कृष्ण लीलाओं में देखने को मिलता है।

निस्सन्देह श्री कृष्ण पण्डित कृष्ण जू राजदान के मूल प्रेरणा स्रोत, मनमीत एवं चितचोर थे।

सन्दर्भ-संकेत

1. अ—'कश्मीर' (सूचना) एवं प्रसारण मन्त्रालय, भारत सरकार) अक्टूबर 1950 ई.—'माडर्न पीरियडआफ कश्मीरी लिटचर—जे. एल. कौल—पृ.-230
आ—'कश्मीर'—दिसम्बर 1958 ई.—'कृष्ण जूँराज़दान' बी. एल. कौल—पृ. 299
2. 'कुल्लियति कृष्ण जू राजदान-सम्पादक : सोमनाथवीर जम्मू कश्मीर कल्चरल अकादमी प्रकाशन सन् 1984 ई.—358
3. वही—पृ. 266-267
4. वही—पृ. 208
5. मूलशब्द चूसना (क्रिया वाचक) है। स्तनपान के लिए मैंने 'वूस' शब्द का प्रयोग किया है।
6. कुल्लियति कृष्ण जू राज़दान'—पृ. 211
7. वही—पृ. 393
8. वही—पृ. 398
9. 'कश्मीरी साहित्य का इतिहास'—डॉ शशिशेखर लोषखानी—पृ.—194
10. 'कुल्लियति कृष्ण जू राज़दान'—पृ. 280
11. वही—पृ. 314
12. वही—पृ. 218-219
13. कश्मीरी लोकगीतों की एक विधा 'लोलोगीत' कहलाती है। शृंगार परक गीतों में अथवा में लोकगीतों में यह प्रेम-सम्बोधन है। यह आनन्द एवं हर्षातिरेक का सूचक है।
14. 'कुल्लियति कृष्ण जू राज़दान—पृ. 363
दूसरा उदाहरण
'हरस' सॉपुन -'हरी' केशव बन्योव शिव
अद्वैरूप नारायण प्रकट गव।

हिन्दी अनुवाद

'हर' (शिव) ही बने हैं हरि (कृष्ण)
और शिव भये केशव
अद्वैत रूप नारायण प्रकट हुए सर्वत्र।
'कुल्लियाति कुव्ण जू राजदान'—पृ.—268

15. 'कश्मीरी साहित्य का इतिहास—डॉ शशि शेखर तोषखानी-पृ.200
16. 'कुल्लियति कृष्ण जू राज़दान'—पृ. 471-472
17. कुल्लियाति कृष्ण जू राज़दान—पृ. 515
18. 'अकनन्दुन' कश्मीरी लोककथा 'अकनन्दुन' का नायक हे 'अकनन्दुन' वस्तुतः एक नन्दन दो शब्दों के योग से विकसित कश्मीरी शब्द है जो एक मात्र पुत्र के लिए प्रिय सम्बोधन है।
संस्कृत—एक
फारसी—यक
कश्मीरी—'अक' या 'अख' (एक का वाचक)

Poet of Divine Throbe : Krishnajoo Razdan

—Pradeep Kaul

Krishnajoo Razdan's poetry heralds a marked departure from a Persian or Sanskrit influenced devotional verse to a more Kashmiri genre. Even though we see many words derived from Sanskrit in his poetry but their use is not as widespread and purantical as in the case of his immediate predecessor—Parmanand. Parmanand and Krishnajoo Razdan together are the two highest peaks of Kashmiri leela kavya or devotional poetry. Before them and after them their is no one as tall as they stand. While as Parmanand is a master of deep thought Krishnajoo Razdan is a stylist. His words flow in an effortless ease and create a magical influence upon the minds of his readers.

On the middle of nineteenth century he was born to inherit a resurgent poetic style called the devotional verse. Before him Prakashram Kurigam, Parmanand, Govindjoo, Vasudev, Laxman bulbul had contributed to the 'Leela Kavya'. Their inspiration was kindled by the redoubtable stalwart of Kashmiri poetry Lalla ded and Rupa Bhawani. But Vakhs as their writings are called represent a cryptic and didactic mode, a devotional poem (Leela Kavya) on the other-hand is a longish poem in the praise of a god or a goddess. It is elaborate in narrative and ornamental in style. It has a musical quality and can be sung with ease to the accompaniment of instruments.

Before saying something more about Razdan Sahib's verse or he as a person it will not be out of place to say about the musical quality of his poetry which is essentially devotional in content. His times seem fit to evolve him. In fact he was the child of his time. The Socio-political situation in Kashmir had taken a better turn. Kashmir had heaved a sigh of relief after six centuries of recurrent persecution, bigotry and misrule. The cruel reign of Pathans had come to an end. A new political dispensation headed by a Dogra King was at the helm. The new ruler was kind to his subjects regardless of faith. A semblence of peace had been restored in the valley. A new state of modern Jammu & Kashmir and lateron Laddakh as well was in the making. Amidst such a welcome change Razdan Sahib's birth is like a thanks giving from mother Kashmir. God seems to have sent His poet to us. His gift and His song.

He was born in the sleepy village of wanpoh near the southern district headquarters of the town of Anantnag. The little village must have been sleepy in his time. The village is now located by the side of two highly important roads, one a national highway (NHIA) leading to Jammu and the other one leading to Kulgam and then on leading to Manzgam and proceeding further southwest to Aharbal where river Vishaw drops in a picturesque fall.

Now, Wonpoh village despite heavy traffic it witnesses daily bears a grim face. Its front which is running along the national highway was dotted with houses of Kashmiri Pandits and two quaint little temples. The houses have been razed. The temples have suffred pillage so that God with other name could be appeased or made happy! Obviously Razdan Sahib would never have liked to inherit this tragic legacy. And merifully he never did. Krishenjoo Razdan's life revolves round this little village. He was born there in 1850 A.D. and passed away in his native village in 1926. Recent research conducted by Sh. Soom Nath Veer a researcher and poet of note has established 1925 as his year of death instead of 1926 A.D. (See Krishenjoo Razdan memorial sovenier 2002). As said earlier his death heralds a new dawn in Kashmir and his death starts another era which finally culminates in the end of Dogra rule in 1947 in the state. With his death the ground phase of classic divine poetry comes to an end.

Childhood

Krishnajoo Razdan, as is well-known was born in Wonpoh on 19th August 1850 (Sh. Motilal Sagi's work on him). His parents were rich. HIs father Sh. Ganeshjoo Raina (Razdan) was a rich landlord. The word joo (जु) is the nearest equivalent of ji (जी) in Hindustani. It was used till very recent times as a mark of respect by both the Hindus and the Muslims (e.g. Laxmanjoo, Kamthjoo, Ramjoo, Sullajoo, Ramzanjoo etc.) capable tutors were employed to coach him in Persian, (a popular medium of instruction which was introduced by sultans, and was lateron continued by sikhs and early Dogras as well) Sanskrit and Maths. An astrologer was employed to teach him astrology. It seems that an all out effort was made by his parents to see that Krishnajoo Razdan received best possible education. The child proved intelligent who mastered whatever was taught to him with ease. His birthplace Wonpoh les on a road which connects Anantnag with Kulgam and then proceeds further to

the village of Manzgam. Manzgam is famous as a Tirtha of Sri Rajnya Bhawani. It is said that once his family decided to go on a pilgrimage to Manzgam. The child Krishnajoo Razdan was left out, as he being very young could not undertake an arduous journey on foot. Probably it might have been done to avoid any distraction in pilgrimage as children of young age under such situations are more demanding and ask for more attention. The boy was asleep when his parents slipped by entrusting him to servants. When he woke up, he wept bitterly for being left out. He cried and cried till out of exhaustion he fell asleep. As this juncture it is said that a miracle occured. the Goddess Herself in the form of a caring women appears to him in a dream and puts him softly in her cosy lap. She consoles him. She softly says to him, "see my child you had a strong desire to visit me, now I have myself come to see you. Stop crying my son, stop crying." It is said that this was the turning point of his life. Now he was to become not an ordinary man but Krishnajoo Razdan the melodious devotional poet of top order.

His Guru

There is a saying *'Guru benah Gath nahin'*—There is no way without the aid of a Guru. Razdan sahib went to Srinagar where the eminent saint scholar Mahamukhyopadhyaya Pandit Mukund Ram Shastri became his spiritual Guru. On the rule of Maharaja Rambir Singh. Pandit Mukund Ram Shastri was a court Pandit. He is the only Kashmiri who was conferred the highest title of 'Mahamukhopadhyaya' i.e. the chief preceptor by the learned Pandits of Banares. Under his Guru, he started sailing higher and higher into the realms of spirituality. His bosom heaved with joy and bliss. The ocean of devotion started surging in his being. Poetry gave vent to his emotions. Soon he was a poet.

His devotional Poetry

Razdan Sahib is essentially a devotional poet. He is a stalwart of Kashmiri Bhakti or Leela Kavya (poetry). The object of his worship and devotion is Lord Shiva. Kashmir being home of Shaiva thought, he naturally became inclined towards it even though in his childhood dream it was the Goddess (shakti) who gave him the 'go ahead'. Razdan Sahib's main work is 'Shiv Pariney' or 'Shiv Lagan'. It is a collection of many poem which narrate the marriage of Shiva to Parvati the daughter of Himalaya. The prologue of 'Shiv Lagan' or 'Shiv Parinay' is about the tragic death of Sati (Parvati) in the previous birth in the yagna of her father Daksha when he insults Shiva by not inviting him to his yagna. The wrath of Shiva provoked by such an act of gross impropriety results in the destruction of the yagna, slaying of Daksha at the hands of Shiva and prior to that the self-immolation of Sati. While Krishnajoo Razdan gives less importance to it but discusses in detail the resurrection of Sati as Parvati and her final union with Shiva. Here, he as a poet represents hope and ascension. He is optimistic and his poems display it in abundance. Although Shiva theme is predominant in him still he has written exquisite verses in the praise of Krishna and mother Goddess in her manifold forms.

The invocatory of 'Shiva lagan' as per established tradition is to the 'remover of obstacles'—Lord Ganesha. This invocatory is worth taking note of. Its imagery makes an impression upon the reader. Some verses invite attention:

Omkaru rupa chuk sarva adhikaro
Muladhara dhyan dharayo
Saididata chuk vigan hartaro
Mahaganpata dhyan dharayo

"In the form of Omkara—all powerfull
O Muladhara I meditate upon thee
Giver of boons and remover of obstacles
O Maha Ganesha, I meditate upon thee."

This invocatory performs dual function. First, it invokes the blessings of Ganesha so makes the poet a traditionalist, Secondly, it traces the yogic journey of a seeker from the first mystical yogic centre (Muladhara) to sashahara—the final yogic centre in the forehead.

Surprisingly the poem describing the self-immolation of Sati in the yagna fire performed by her father Daksha is full of hope and optimism. Here her sacrifice is celebrated by the poem as

Shiv Nathas Peth Sapzek Satiyae
Shri Parvatiye bhivinay Jaü ....
For Shiva thou committed Sati
Glory to the, O Parvati

"I shall worship thee with Fresh flowers
As Akingam thou art as Shiva
Unfazed thou thou slew Ralehtabeza
Glory to thee O Parvati."

As stated earlier Razdan Sahib is a poet of hope. He is sad over the tragic death of Sati. He wants to quickly move over from the sad state and enter the realm of joy created after the rebirth of Sati as Parvati in the home of Himalaya. Her birth makes the poet glad. He sings in delight about the great fortune of Himalaya who would be the father of Parvati in near future.

Karmvan aus Himal bod dayavan
Manas manz aus dharan shiv sund dhyan

Su raja Prabhatan hund ausvun Sar
Seet aisis Khazani Lal Ganhar
Doer of good actions, HImalaya the Philanthrope
whithin his heart, Shiva only his hope
King of kings that he was
Pearls and diamonds numerous his are
Benovlent to poor and kind to saints
within his heart. Shiva only his hope.

Shiv Lagan or Shiva marriage is a joyous poem Razdan sahib is a craftsman of words. In addition to that he is an ardent devotee of Shiva. Whenever we read him we never get bored by an overdose of devotion. He being an ardent Bhakta (devotee) writes about the myrid moods of Shiva and shakti. He never looses touch with his natural moorings. He brings the freshness of Kashmir in his verse which makes him eminently readable. The local colour and flavour of the valley is the hallmark of his monumental work—'Shiv Lagan'. The worshipping of bridegroom Shiva and bride Parvati in the patent by Kashmiri way of Posh Pooza (homage of flowers over the bride and bridegroom) is described by him in a beautiful poem. Here the grandeur of Lord Shiva is described in scintillating verse and moving scenes that leaves the readers spellbound e.g.

Mukhtikani Tarakh chis Tapadanas
Chamay Ishanas Posh Pooza
Akash Posh varshun Hani Hani chus
Rathaban Kani chus Siri devta
Saiban banomut chus asmanas
Chamay Ishanas posh pooza.

"On the hem of His (Shiva's) garment
Stars have studded and pearls replaced
And Floral homage, for Shiva I have
Skies are showering Softly flowers
Sun God himself his charioteer
A vast awning the sky has spread
And a floral homage, for Shiva I have"

Or see this one
Bhava Pomposh phal praymay sar sic
Shiv Shankar si chai posh pooza
"The lake of love
Lotus abloom
And floral homage
For Shiva I have."

This devotional poem is a master signature of a master artist who as a poet is awash with the intoxication of devotion. Such verses of Krishnajoo Razdan lift us to dreamy heights from which we are reluctant to return. He makes our heart throbe with the spirit of divine necter.

The description of the fall of golden snow (Sona Sheen in Kashmiri) so that Shiva could make amends for failing to bring ornaments for Parvati from her inlaws is inspired by the local colour by making golden snowfall as

Sona Sheen wolun dari dari
Maharazi razi kumaray aav
"Golden snow is falling
For the princess
The prince has come
Come ye all
See the golden snowfall
Upto the roof and upto the wall
See the golden snowfall"....

To lord shiva he reserves his choiest word magory which is not possible without a steadfast devotion to Him. He is not a poet on the physical plane but every inch of his being is soaked in Shiva devotion. Here are some pieces from his great devotional poems.

Hi agoor neelkanth chuk hani hani tai
Shiv rup darith brishbasan tai ....
"O Staunch blue thwated
Thou art everywhere
In Siva's form with
a bull for a steed."

Another poem is more musical but its musical quality cannot be translated.

Nishkam Nishkal Nirmal Sham Shomboo
War may Sharnagat vatsal Shomboo
Paan Wandiyo shud kayai Shomboo
War may Sharnagat vatsal Shomboo
Bereft of Passion
Bereft of Attachment
O Pure Shomboo (Siva)
Grant me refuge
For thy innocent form
My life, I shall Sacrifice
Grant me refuge
O Pure Shomboo ....

The musical quality of Razdan Sahib verse is rare. One of his beautiful poems have been immortalised by ustad Tibat Bakal the legendary Sufiyana Singer of Kashmir.

A sample of this great poem shall not be out of place.

Bael tai Madal Waeni Gulab Pomposh Dastay
Poozaie lagas Param Shivas Shivnathas tai
Jata Muknta Pathe Ganga wasan chas tai
Devi t Devta vishni Bhrama Chis das bastai
"With Bilva and maddev (a scented kerb)
With wild mint and Rose
To Lord Siva
To Param Siva
I shall offer floral offering
With Mukuta and Ganga
Overflowing from matted locks

gods and goddesses
Vishnu and Brahma
in attendane
stand in folded hands".

The natural artist in him has created enchanting verse. The use of flowers in his poetry is sensational. Wild mint, madder, Lotus, rose, marigold, mint, Jasmine seen to be his favourite.

Apart from Shiva poems Krishnajoo Razdan has written exquisite verse in the glory of Krishna and Mother Goddess. Some examples will perhaps complete the small number of quotes that have been given already.

His Krishna Songs

Avay Nandlal Brindraban
Seet Gopiyan Gindinay
Tath Radha chas B Krashen
Tas chu amut vuchinay
Mathurin Travat Rukhman
Seet Gopiyan Gindinay
Krishna of Brindawan has come
To play with Gopis
Radha—I waste away
Now for me he has come
Learning at Mathura Rukhman
To play with Gopis.

Similarly, his devotional songs to mother Goddess is worth reading. In the following verse dedicated to Mata Ragnya Bhawani is worth reading :

Shri Razi rajeshwari Aimit sharan Chi
Poozaie lagoy Pamposh Gulab Madal te hee
Venerable Exalted Devi
We have come to seek refuge
We offer Lotus, rose, and madder
We have come to seek refuge.

Krishnajoo Razdan strode the literary scene of Kashmiri like a collosus. Without him the devotional poetry of the country in general and Kashmiri in particular will be incomplete. His huge intellect made amazing use of words. Besides a master poet he was a saint of high order. His persona exuded rare charm and warmth which left everyone dazed. He was a skillful dancer and would often dance in escastasy a trait he seem to have inherited from Parmanand. Everybody regardless of age, faith and class loved him. The saintly Dogra king Partap Singh was his devotee and would visit him once or twice a year.

The heart of Kashmiri literature will always swell in pride with the rare genius of Krishnajoo Razdan.

कृष्ण राज़दान ः कश्मीरी हिंदी के सेतु कवि

डॉ0 रानी शंकर मिश्र

पश्चिमोत्तर भारत में हिमालय की मुख्य श्रेणी और पीर-पंजाल के बीच स्थित नयनाभिराम अन्तर्पर्वतीय घाटी कश्मीर प्राचीन काल में धर्मभूमि रही है। इस केसर की घाटी को पर्यटकों ने स्विट्जरलैंड जैसा सुन्दर पाया और पृथ्वी पर स्वर्ग की संज्ञा दी।

कश्मीर में भारतीय साहित्य शास्त्र एवं दर्शन का विकास हुआ। आनंदवर्धन,अभिनव गुप्त, क्षेमेन्द्र,मम्मट आदि संस्कृत साहित्य के अमर आचार्य यहीं के थे। शैव,शाक्त (कौलाचार ईत्यादि) एवं वैष्णव दर्शनों की दृष्टियों से यह पवित्र भूमि रही। सम्राट ललितादित्य मुक्तापीड़ का नाम भारतीय इतिहास में सुरक्षित है। महाकवि कल्हण कृत अमर कृति 'राजतरंगिणी' इतिहास का गौरवग्रंथ हैं । नेहरू, सप्रू ,काटजू इत्यादि कश्मीरी थे। प्रत्यभिज्ञा अथवा अद्वैतवादी शैव दर्शन की लीलाभूमि रहा कश्मीर जो **1990** के दशक से अलगाववादी आतंकवाद की तीव्रता व इसके प्रभाव में सॉस ले रहा है जिसके परिणामस्वरूप देश के कोने-कोने में बस गये विस्थापित कश्मीरी परिवार जो अपनी भाषा,साहित्य,लिपि (विलुप्तप्रायः शारदा लिपि) संस्कृति की पहचान व गौरव रक्षा के लिए निरंतर कर्म रत हैं ।अपनी जमीन से दर-बदर किंतु अपनी भावनात्मक सांस्कृतिक जड़ों की ओर पुनरागमन की प्रकिया में कश्मीरी समाज द्वारा कश्मीरी साहित्य के शलाका पुरूष सुप्रसिद्व संत कवि कृष्ण राज़दान का स्मरण एक नयी अर्थवत्ता प्राप्त करता है एवं गैर कश्मीरी भारतीय समाज को भी कश्मीर से केरल तक प्रसरित भारतीय संस्कृति की अविछन्न कड़ी से जोड़ता है।

अनन्तनाग से लगभग छः किलेमीटर दूर वनपूह गॉव में जन्मे कृष्ण राज़दान (**1850- 1926**) कश्मीरी शैव दर्शन की अविरल परम्परा यथा वसुगुप्त की 'स्पंदकारिका' उत्पल की 'प्रत्यभिज्ञाशास्त्र' , अभिनवगुप्त की 'परमार्थसार', 'प्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी' व 'तंत्रालोक' क्षेमेन्द्र की 'शिवसूत्रविमर्शिनी' की कड़ी में अगले स्वाभाविक सोपान के रूप में प्रकट हुये जिन्होंने शुष्क दर्शन को सर्जनात्मक कवित्वमय भावप्रवण भक्तिपूर्ण पदों से संचारित किया जो कि मीरा, सूर, तुलसी की कविता की भॉति कश्मीरी लोकमानस में रच बस गये हैं। अपनी विषयवस्तु ,लयात्मकता, सरसता, चित्रात्मकता के कारण कोई भी मॉगलिक अवसर इनके बिना अधूरा रहता है। उन्होंने अनेकानेक हिन्दी गीतो की रचना भी की। उदाहरण के लिए 'शिवपरिणय' भाग एक के अध्याय **12** और **28** जिनमें कृष्ण व अन्यान्य देवगण शिवस्तुति करते हैं, भाग दो के अर्न्तगत अध्याय **3,8,10** एवं **16** जिनमें कमशः पार्वती सती रूप में अपने पुनर्जन्म में शिव से हुए वियोग के प्रति कारूणिक रूप से शिव वंदना करती हैं, शिव उनके समक्ष एक साधु के रूप में प्रकट हो कृष्ण, राम व लक्ष्मी की उपासना का परामर्श देते हैं, किंतु पार्वती उन्हें एक ही परमतत्व शिव के होने का अभिज्ञान कराती हैं व अन्त में शिव अपने वास्तविक रूप में

प्रकट होते हैं। कश्मीरी कविता के बीच-बीच रचित यह हिन्दी पद भारतीय राष्ट्रीयता के सूत्र के रूप में हिन्दी को प्रतिष्ठित करते हैं। डॉ० तोषखानी के शब्दों में 'कश्मीरी भक्त कवियों के लिए हिन्दी ही भक्ति का पर्याय हो गई थी।' केरल के राजा स्वाति तिरूनाल हो या बंगाल के रवीन्द (ब्रजबुलि में भानुसिहेर पदावली) हिन्दी को समग्र राष्ट्र की भाषा सिद्ध करते हैं। असमिया के महान कवि एवं समाज सुधारक शंकरदेव प्रभृति की 'ब्रजबुलि' विख्यात हैं इस प्रकार कृष्ण राजदान कश्मीरी हिन्दी के सेतु भी हैं।

कश्मीर की मीरा शैव रहस्यवादी कवयित्री लल्लेश्वरी (13 वीं सदी) के वाक की भाँति कृष्ण राज़दान के पद भी मौखिक परम्परा में संरक्षित-संचारित रहे हैं। यद्यपि रायल रसियाटिक सोसाएटी के सत्प्रयासों के फलस्वरूप जार्ज ग्रियर्सन की भूमिका सहित पंडित महामहोपाध्याय मुकुंद शास्त्री के सम्पादकत्व में संस्कृत अनुवाद सहित प्रथम बार 1925 व तदनन्तर 1989 में प्रकाशित किया गया है। अली मुहम्मद एवं संस ने भी कृष्ण राज़दान के पद 'हरिहर कल्याण' शीर्षक से प्रकाशित किये हैं। देवनागरी में भी उनकी रचनायें 'शिवलग्न', 'कृष्ण वाणी' व 'कृष्ण दर्शन' छपी हैं। अनेक शैक्षणिक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उनके साहित्य का अध्ययन निर्धारित है। कश्मीरी साहित्य में उनके विशिष्ट स्थान का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित हिंदी विश्वकोश (खंड दो) इनसाइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका के भारतीय संस्करण 'भारत ज्ञानकोश' (खंड एक), ज्ञानमंडल वाराणसी द्वारा प्रकाशित 'हिंदी साहित्यकोश' में भी उनका सादर उल्लेख है। वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित 'भारतीय साहित्य माला' के अन्तर्गत उनकी रचना के अनुवाद संकलित किए गये हैं।

'शिवलग्न' कृष्ण राज़दान की श्रेष्ठतम व अमर कृति है जिसमें उन्होंने शिव व कृष्ण दोनों के प्रति भक्तिपूर्ण पद निवेदित किये हैं ,जिसे 'कुमारसंभवम् व 'पार्वतीमंगल' के रूप में भारतीय साहित्य की अप्रतिहत धारा के विस्तार के रूप में देखा जा सकता है। इस रचना में पौराणिक प्रबंध रचना के भीतर कश्मीरी जनसमाज, लोकमान्यतायें ,रीतिरिवाज प्राकृतिक सुषमा अपने स्वभाविक सौन्दर्य के साथ उभरे हैं जो इसे लोककाव्य की सी सरसता प्रदान करतें हैं।

कृष्ण राज़दान ने सूर की भाँति बालकृष्ण के प्रति भावुक सरस गेय पदों की रचना भी की है ः

बालक अवस्थाय लगयो ब्वछ,
मन मञ्जलिस मञ्ज करये हो- हो
बालकृष्ण छाल मारान यितमो
गोपाल नंद लाल सूत्य नितमो
श्याम प्रेम ह्रद दाम दाम च्यतमो
मन मञ्जलिस मञ्ज करय हो हो (शि० प०- 1379)

अपने रास गीतों में भी वे एक महान गीतकार प्रमाणित होते हैं जहाँ मानव मन नित्यवृन्दावन है ः

मन म्योनु बिन्द्रावन त लो लो

आत्मरूप नारायण त लो लो
सूत्य -सूत्य वचू गोपियन त लो लो
तथा मञ्ज ब छुह रास खेलन त लो लो (शि० प०- 1055)

यह संयोग ही कहा जायेगा कि एक ही वर्ष (1850) में भारत के सुदुर छोरों में जन्मे दो महा कवि अपनी रचनाधर्मिता व विषयवस्तु के कारण निकट आ गये हैं। कृष्ण राज़दान की भावाकुल कृष्ण भक्ति व रास के आध्यात्मिक भावपक्ष को उभारती रचनायें उन्हें आधुनिक हिन्दी के जनक भारतेंदु हरिश्चन्द्र के समीप ले आती हैं। 'कवितावली' में तुलसी का युग चित्रण प्रमाण हैं कि भक्त व संत कवि भी देशकाल को अनदेखा नहीं कर सकते। कृष्ण राज़दान भी भारतेंदु के समान प्रच्छन्न रूप से अपने युग का चित्रण करते हैं। संभवतः तत्कालीन प्रशासन में व्याप्त अकर्मण्य व उदासीन नौकरशाही व अफसर ईश्वर के दरबार व उनके अफसरों के रूप में अभिव्यक्त होती है ः

कर्त्ता अकर्त्ता अन्यथा कर्त्ता सो एय
करिजन करतुन न कहै

अन्यत्र, कवि निरन्तर बढ़ते गृहदायित्वों की मार व भार एवं कविकर्म और वैराग्य के द्वंद को अत्यन्त खूबसूरती से पेश करते हैं ः

क्या करौ असि छि कर्महीन सॉरी यिछि दुनियादारी मञ्ज
अडि खर्च तु बडि अयालो शामलालो गाश हो आव
क्या करौ ॲसि छी चारी फ्यारी क्याड् पकानादारी मञ्ज
छरि अथ होंछि कथ मूरख चालो शामलालो गाश हो आव।

कृष्ण राज़दान शाक्तमत,वेदान्त,भागवत, महाभारत, रामायण व अन्य शास्त्रों के ज्ञाता कवि हैं और भारतीय समन्वयवाद के पोषक हैं उनकी कविता में पारम्परिक भक्ति व दर्शन अपनी सर्जनात्मक उत्कृष्टता को प्राप्त करता है। रामकृष्ण शिव और शक्ति को एक ही रूप में मानते हैं ः

रामुय छुय कृष्ण तु कृष्ण छुय रामय
असि मरवति निष्काम चकर
अद्वैत मावन कॅड मुह जौल
हाव श्याम् लाले श्री रामरूप
शिवुय छुयु कीशव कीशव छुय शिवुय
धन्य आस अव्र प्योस ग्यवुप नाव
आत्म द्वोदम छै ब्योन ब्योन चाय
हाव श्यामु लाले श्री राम रूप।

कृष्ण राज़दान की लम्बी कवितायें भक्ति सूत्र और फुटकल गीत भी उनकी प्रतिभा के सूचक हैं। इन्हें कश्मीरी साहित्य में रहस्यवादी भक्त कवियित्री एवं अन्य भक्त कवियों की परम्परा में एक

उत्कृष्ट भक्त कवि माना जा सकता हैं। वे कश्मीरी के साथ-साथ हिन्दी में भी उल्लेखनीय एवं योग्य 'सेतु कवि' के रूप मे श्रद्धा के पात्र हैं।

लीला

कृष्ण राज़दान

आओ, हाथ से हाथ मिलाएँ ।मिल बैठें और रास रचायें। छः महीने इक रात हुई (जब) गोपीनाथ नाचने लगे। (ऐसा लगा) वर्ष और मास दिन और पहरों में बदल गये़हिल मिल चलें रास रचायें। इस बालपन में खुशियॉ मनायें। ऐसा दिन गनीमत है। सहस्रों युगों को स्वाह करें। आओ, हिल-मिल रास रचायें।

बाल बच्चों को एक ओर सुलाकर सद्यःजात शिशुओं को छाती से अलग करके निकलेंगी हम। अपने साथ बहनों, फूफियों ,माओं और मौसियों को लेकर रास रचायेंगी।

(घरों के) द्वार- दरीचे खुले छोड़ चल पड़ेगी। राह मिल गई तो (क्यों न) मस्तानी चाल से घूमें फिरें। ईश्वर-भक्ति के बिना मुल्यवान अतलस की क्या कद्र। चलो, मिलके रास रचायें।

बालो किसी को कृष्ण की प्रीति है। (वह) प्राणों का भी प्राण है। किसी को (उसके साथ) लौ लगा कर क्या सहन करना पड़ा अर्थात् क्या हानि हुई । (वह तो) मन मोहकर विकास देने वाला है। चलो रास रचायें।

हमारी जैसी दशा कब हुई तुम्हारी। तो फिर नन्दलाल को कहॉ जान पाओगे। भला हम सजी संवरी न निकली तो क्या करेंगी। रास जो मिलकर रचना है।

हम भला त्याग क्यों करेंगी हमें तो कृष्ण का अनुराग चाहिए। (हमारे लिए) वही जप-तप और योगाभ्यास है। आओ,हम सब रास रचायें।

हमारी बातों को महामंत्र जानो। हमारी दृष्टि को उत्तम समझो। हमारा खान पान महाव्रत (बड़ा उपवास) है। आओ, हम रास रचायें।

हमारी वाक्‌शक्ति मौन मुद्रा में परिणत हुई, हाथ हमारे धरे के धरे रह गये।

उसके बिना कान और कुछ सुन नहीं सकते। हमने संकल्पों से भी सन्यास लिया। आओ रास रचायें।

हर्षोल्लास के इन प्रकारों ने सभी शोकों का क्षय किया। ऐसा आनन्द लोक लोकान्तरों में कहॉ मिलेगा। हमें न अपसराएँ चाहिएँ न बैकुण्ठ का वास। हम तो रास रचायेंगी।

ऊषा नृत्य (रास) को देखकर वशीभूत हुई। वह सुध बुध खो बैठी। गीतों का उसका भण्डार कम पड़ गया। वह देखकर स्वबालाएँ वनवास को चली गई। चलो रास रचाएँ।

काया धारण करके भी (ईश्वर) मायातीत है। योग का स्वामी है किन्तु भोग का बहाना करता है। भोग कर भी वह निर्मल निरभ्यास है। चलो चलें, रास रचाएँ।

उधर पुकार है और इधर प्रतिज्ञा। जिधर देखो, उधर राधाकृष्ण हैं। प्रत्येक के साथ (कान्हा) हाथ से हाथ मिलाये रास कर रहा है। चलो, रास रचायें।

रात को दिन हुआ और दिन को रात। सांध्यवेला के साथ प्रभात नृत्य कर रहा है। काल का स्वतः ही ग्रास हो गया। चलो, रास रचायें।

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग भारत सरकार द्वारा प्रकाशित भारतीय साहित्य रत्नमाला से साभार।

आज भी प्रासंगिक हैं पंडित कृष्ण जू राज़दान

–डॉ. महाराजकृष्ण भरत

जब लीला काव्य के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कवि प्रकाशराम कुरगामी चिर्चित एवं लोक प्रसिद्ध कश्मीरी रामायण (1847 ई.) की रचना कर चुके थे जब सिद्धहस्थ कवि परमानन्द 59वें वर्ष में भक्ति काव्य की ऊँचाइयों को छू रहे थे, उन्हीं दिनों दक्षिण कश्मीर के वनपोहगाँव में 19 अगस्त, 1850 (तदनुसार विह. 12 भाद्रपद शुक्लपक्ष, 1907), को पण्डित गणेश जू रैणांके परिवार में सन्त एवं भक्त कवि पण्डित कृष्ण जू राज़दान का जन्म हुआ। पण्डित राज़दान में स्वाभाविक रूप से भक्ति का संचार हुआ, इसीलिए आगे चलकर उन्होंने भक्ति में भाव को अधिक प्राथमिकता दी। ध्यान, मनन, एकाग्रता, समर्पण, ईश्वर के साथ तार्दाम्य स्थापित करने के लिए सब कुछ न्यौछावर करने की उनकी भावना गीतों में प्रबल हो उठी है, वहीं ज्ञान के द्वार से तुरीयावस्था तक पहुँचकर कवि को, ज्ञान के उस प्रकाश का साक्षात्कार होता है जहाँ पहुँचकर उसे परमानन्द की प्राप्ति होती है, साधक को साधना का सुफल मिलता है और परमब्रह्म परमेश्वर का सान्निध्य भी–

''अन्दर चानिथ ज्ञानुकि घरे, हावुम चूरिम पोर
तथमंज रूज़िथ आनन्द बरै, बुक्याकरे जोर।''

हम यह कह सकते हैं कि जैसे बारहवीं-तेरहवीं शती में उत्तर भारत में वैष्णव आचार्यों ने विशिष्टाद्वैतवाद, द्वैतवाद, शुद्धाद्वैतवाद तथा द्वैताद्वेतवाद के मतानुसार सगुण-निर्गुण नामक भक्ति की दो धाराओं को पुष्पित-पल्लवित किया, चौदहवीं से सोलहवीं शती तक महाराष्ट्र में जैसे सन्त ज्ञानेश्वर, नामदेव, तुकाराम, रामदास, बंगाल में चण्डीदास से लेकर चैतन्य तक जिन भक्त कवियों ने वैष्णव भक्त आन्दोलन को सुदृढ़ किया, वैसे ही कश्मीर में 19वीं शती में प्रकाश राम कुरगामी, परमानन्द तथा पण्डित कृष्ण जू राज़दान (बीसवीं शती का प्रारम्भिक-चरण भी) जैसे सरीखे लाला कवियों ने शैव दर्शन की वैचारिक भाव-भूमि के साथ-साथ वैष्णव भक्ति तथा अवतारवाद को भी अपने काव्य का विषय बनाया।

पण्डित कृष्ण जू राज़दान की भक्ति अद्वैतवाद पर आधारित है वह विष्णु और शिव का एक ही रूप मानते हैं, कहीं पर शिवजी को ही ब्रह्मा और विष्णु का रूप स्वीकारते हैं। यहाँ पर दोनों उदाहरण द्रष्टव्य है–

''कृष्णस शिवुँरूपु दर्शुन दिलुँचुय
सुय चुय सुय कीवलुँ छुखनु जुय
शामुँ प्रभातुँ रुफँ हावतम काले
नादुँ ब्यंदुँ परमानन्दुँ नन्दुँ लालै''

सुय ब्रह्मा सुय वेष्णुँ मानुन
ज़गतुक ईश्वर सुय ज़ानुन
सुय परमात्मा सुय स्वछन्द
शिवनाथ सापनुन बांधव तुँ बन्ध''

यहाँ पर प्रथम पद्यांश में विष्णु को सम्बोधित करते हुए कवि कहता है कि वह उसे शिवरूप में दर्शन दें, क्योंकि वह मानता है कि शिव और विष्णु का रूप एक ही है, वह दो नहीं हो सकते। हे श्याम मुझे प्रभात की लालिमा की तरह रूप दिखा, ऐ नन्द लाल तुम नांद बिन्दु हो, परमानन्द हो।

दूसरे पद्यांश में शिव जी को ब्रह्मा और विष्णु का रूप मानते हुए कवि कहता है कि वही ब्रह्मा, वही विष्णु का रूप है, उसे जगत का ईश्वर समझ ले। वही परमात्मा है वही स्वच्छन्द है, वही शिवनाथ हमारा बान्धव और बन्धु है।

सृष्टि के सृजक ब्रह्म, पालक विष्णु तथा कल्याण एवं संहार के सूचक महेश को पण्डित कृष्ण जू राज़दान एक ही रूप स्वीकारतें हैं और उसी रूपके प्रति एकीकार होना चाहते हैं। यह कश्मीरी काव्य का दूसरा सोपान है जहाँ वह वैष्णव भक्ति की ओर मुड़ा।

'कश्मीरी साहित्य का इतिहास' नामक पुस्तक में डा. शशि शेखर तोषखानी लिखते हैं, ''कश्मीरी काव्य में आध्यात्मिकता का पहला उत्थान मूलतः शैवदर्शन की विचार दृष्टि से प्रेरित, प्रभावित था, जबकि...दूसरे उत्थान को गति दी वैष्णव भक्ति और उससे सम्बद्ध अवतारवाद और 'लीला' की अवधारणा ने। (पृष्ठः 131) डा. तोषखानी ने इसे लेख में आगे साहिब कौल (मृत्यु 1642) को दो सदियों के लम्बे काल विस्तार में कश्मीरी भक्ति काव्य का एकमेव प्रतिनिधि कहा है।

कश्मीरी लीला कवियों, जिनमें पण्डित कृष्ण जू राज़दान का भी विशिष्ट योगदान है ने कश्मीरी कविता में एक बार फिर उन अवधारणाओं को पुनर्स्थापित किया, जिनकी आध्यात्मिक व सांस्कृतिक अनुगूंज कहीं चौदहवीं शती में सन्त कवयित्री लल्लेश्वरी के वारवों और इससे भी पूर्व क्षेमेन्द्र के 'दशावतारचरित' और 'रामायण मंजरी' में सुनाई देती है। यह वह समय था जब दक्षिण भारत में भक्ति की लहचरम पर थी बाद में जिस का विस्तार उत्तर भारत में हुआ। उत्तर भारत के वैष्णव भक्ति आन्दोलन से अपने काव्य को जोड़कर पण्डित राज़दान ने भारत की परम्पराओं, मान्यताओं, अवधारणाओं को आत्मसात करते हुए लीलाओं को राष्ट्रीय स्वरूप देकर इन्हें राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ा ही वहीं सामाजिक तानेबाने के साथ इनको आँचलिकता के रंग में भी रंग डाला।

लीला काव्य का प्रारम्भिक काव्य-उन्मेष जो हमें प्रकाश राम कुरगामी के कश्मीरी रामायण, परमानन्द के 'शिव लग्न' तथा 'सुदामा चरित' आदि ग्रन्थों में मिलता है, उसका चरमोत्कर्ष पण्डित कृष्ण जू राज़दान की लीलाओं में देखा जा सकता है। लीलाकाव्य की यह विशेषता रही है कि इसमें स्थानीय रंग अपने परिवेश, परम्पराओं, मान्यताओं तथा रीति रिवाज के साथ निखर आया है। पण्डित कृष्ण जू की कृतियों में

इस आँचलिक परिवेश की साँस्कृतिक एवं धार्मिक झाँकी को महसूस किया जा सकता है। उनके काव्य में विवाह समारोहों के वनवुन (मंगलगीत), एवं पुष्पपूजा के प्रसंग बहुत ही मार्मिक बन पड़े हैं। एक उदाहरण द्रष्टव्य है :

अनिख वॅन्य दिथ चोपारी पोश सॉरी
करनि लग्य पोषि पूजा तार तॉरी
कॅरिथ प्रथ रंगॅ रंगै पोषनुॅइ ढेर
कोरुख शिव शक्ति रूपस अंदूस-अदूय ढेर।''

यहाँ शिव और शक्ति (उमा) का मांगलिक विवाह सम्पन्न होने जा रहा है पर यह अनुष्ठान कश्मीरी पण्डितों की वैदिक रीति से हो रहा है। वह शिव का दुल्हा बनकर आगमन का अवसर हो या फिर विदाई का क्षण सभी कुछ कश्मीर की स्थानीय परम्पराओं के अनुरूप हो रहा है। समय के साथ जुड़ना ही कवि की कृतियों और कृतिकार को प्रासंगिक बना देता है।

काव्य तो एक कालजयी कृति होती है, जो किसी भी समय रचने के बावजूद कभी भी अपने महत्त्व को कम नहीं होने देती, रचनाकार का लिखा कभी भी अकार्थ नहीं जा सकता, रचना का सृजक तो ईश्वर की अनुकम्पा ही हो सकती है। यह मन की उस अवस्था का आविष्कार होता है, जब मन के तार उस परमसत्ता से मिलने को आतुर हो उठते हैं, ज्ञान के द्वार जब खुल जाते हैं और कवि परमानन्द की अनुभूति में लय हो जाता है।

सन्त कवि कृष्ण जू ने ब्रह्म, विष्णु, महेश के अद्वैत रूप पर कृष्ण और राम की भक्ति पर, शारिका, राज्ञन्या, ज्वाला, सरस्वती की अनुकम्पा पर लीलाएँ गाईं हैं। साथ ही रासलीला, वचन और राष्ट्रीय चेतना से ओत-प्रोत गीत भी गाए हैं। किशोरवस्था से ही उनके मन में भक्ति का प्रादुर्भाव हुआ था। उन पर माता राज्ञन्या की विशेष अनुकम्पा थी। वनपोह गाँव से लगभग बाईस किलोमीटर की दूरी पर मंजगाम में माता राज्ञन्या की पावन स्थल है। यह क्षेत्र शुपियान और कुलगाम के मध्य में पड़ता है, इसलिए भी शायद इस गाँव का नाम मंजगाम (बीच का गाँव) पड़ा हो।

जब पं. कृष्ण जू को यह ज्ञात हुआ कि माता-पिता उन्हें छोटा बालक समझकर अपने साथ माता राज्ञन्या के दर्शनों को नहीं ले गए, तो उनके नयनों से अश्रुओं की धारा बहने लगी। यह अश्रु इसलिए नहीं बह रहे थे कि बालक मंजगाम सैर-सपाटे के लिए नहीं जा सका था, वरन् इसलिए कि उनके मन में माता के दर्शनों की प्रबल उत्कण्ठा थी। नींद आने तक बालक का रुदन जारी रहा। उसी रात को एक अद्भुत घटना घटी और कृष्णजू के मन में भक्ति भावना का अंकुर फूट पड़ा। भगवान ने स्वयं कहा है कि वह भक्तों के वश में होता है, भक्ति में अटूट श्रद्धा व समर्पण चाहिए। पं. कृष्णजू की मनोकामना घर में ही पूर्ण हुई। स्वप्न में उन्हें अधिष्ठात्री देवी के देव-दुर्लभ अलौकिक दर्शन हुए, माता ने उनके सिर पर हाथ फेर आत्मज्ञान और प्रज्ञा का आशीर्वाद दिया। इस दिव्य दर्शन से उनके भीतर आध्यात्मिक ज्ञान का संचार हुआ और सरस्वती उनके मुख पर विराजमान हो गई। किशोरावस्था से ही वह अपने चमत्कारों तथा भविष्यवाणियों से सबकी नजर में आने लगे। कश्मीर में उन दिनों संचार की सुविधा न होने के कारण भी वह प्रसिद्ध हो गए। तत्कालीन महाराज प्रतापसिंह भी उनके प्रभाव क्षेत्र में आकर उनके चमत्कारों से अभिभूत हुए बिना नहीं रहे।

मुकुन्दराम शास्त्री के गुरुत्व में पण्डित कृष्णजू ने आध्यात्म की प्रेरणा पाई। व्यवसाय से वह अपने गाँव में नम्बरदार (राजस्व अधिकारी) थे। साधन-सम्पन्न परिवार से सम्बन्ध रखते थे। वह एक गृहस्थी सन्त थे। उनका विवाह व्यस्सु गाँव के दयाराम कौल की सुपुत्री अरनिमाल से हुआ था। पत्नी का उनसे पहले ही स्वर्गवास हो गया। स्वयं वह विक्रमी 27 मार्गशीर्ष 1983 तदनुसार 13 दिसम्बर, 1926 को अन्तर्ध्यान हो गए।

कवि प्रकाश राम कुरगामी तथा परमानन्द ने कश्मीर में अफगानों का जो दमनचक्र; हिंसा, लूटपाट व धार्मिक अत्याचारों को देखा था, वैसी परिस्थितियाँ पं. कृष्णजू के समय नहीं थी। 1819 में सिख महाराज रणजीत सिंह ने पठानों को परास्त कर कश्मीर में अपना आधिपत्य जमा लिया था; 1846 में महाराजा गुलाबसिंह के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर राज्य की स्थापना हो चुकी थी। इतना अवश्य कहा जा सकता है कि कश्मीरी पण्डितों के घाव अभी पक ही रहे थे, करीब पाँच सौ सालों के आततायी आक्रमणों का दर्द कुछ कम अवश्य हुआ था पर टीस और चुभन को पीढ़ी दर पीढ़ी आज भी महसूस किया जा सकता था। जब पं. कृष्णजू ने लिखना प्रारम्भ किया, उस समय तक पठानों के शासन को समाप्त हुए 53 वर्ष गुजर चुके थे। उन्होंने काव्य लेखन से समाज में नई जागृति का संचार किया। अनुभव की परिपक्वता और आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा को छूने वाली उनकी दो लीलाएँ और एक रासलीला को यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

भक्ति भावना में आराध्य के प्रति मनसा-वाचा-कर्मणा समर्पित होकर कवि भक्ति की उस परम सत्ता तक जा पहुँचता है जहाँ वह शिव स्तुति में यह लीला गा उठता है :—

''ब्यल तै मादल व्यनुँ गुलाब पंपोशु दस्ते
पूजायि लागस परमु शिवमू शिवनाथस तै
दया सागरुँ लोलूँ विजियायि कौरनस मस तै
हा पोशुँ मते होशुँ मोडलथव ध्यान स्यसतै
असार संसार छलुँन रावान सोरि रोजिकस तै।''

कवि परम शिव की पूजा में बेल (अखरोट पेड़ के पत्ते), मादल (गुलाब), व्यनुं (कमल) के पुष्पगुच्छे अर्पित करता हुआ कविता को भौतिक संसार की नश्वरता, माया-जाल, सुख-दुख से अनश्वर, अभौतिक तथा परम शिव धाम की उस सत्ता की ओर ले जाता है, जहाँ दया के सागर का वास है। कविता में कवि सत्य की खोज के लिए तत्पर है।

''होश दिम लगयो पम्पोश पादन
हा सादन हुन्दि सादो हो।''

कवि, सूरदास की तरह ईश्वर के कमलरूपी चरणों की पूजा अर्चना करना चाहता है। वह शिव से ऐसी चेतना, ऐसी शक्ति की गुहार करता है कि जिस शक्ति से वह परम शिव के दर्शन कर उनके पम्पोश चरणों पर सब कुछ न्यौछावर कर दें। कवि शिव को सन्तों के सन्त कह कर सम्बोधित करता है। कवि सूरदास ने कृष्ण की भक्ति में यह पद गाया

है—

"चरण-कमल बंध्यो हरि राही।"

सूर की भाँति कृष्ण लीलाओं का वर्णन हो, या फिर कबीर के निगुर्ण ब्रह्म का चिन्तन, कृष्णजू के काव्य में विविध भक्ति रूपों के रसों का समावेश है। भक्तिकाल की निगुर्ण धारा के ज्ञानाश्रयी कवि कबीर आनन्द स्वरूप भगवान को बाहर नहीं भीतर खोजने की प्रेरणा देते हुए कहते हैं :

कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढै बन मांहि।
ऐसैं घटि घटि राम है, दुनियां देखै नांहि॥

अर्थात् मृग की नाभि में कस्तूरी रहती है, वह उस सुगन्धित कस्तूरी की सुगन्ध से अभिभूत होकर उसे प्राप्त करने के लिए वन-वन ढूँढता फिरता है, पर इस बात का उसे ज्ञान नहीं होता कि वह सुगन्धित पदार्थ उसके भीतर ही है, ऐसे ही परमानन्द स्वरूप भगवान प्रत्येक के अन्तःकरण में वास करते हैं पर मनुष्य अज्ञानता के अन्धकारवश उस आनन्द की अनुभूति को देख नहीं पाता, उसे महसूस नहीं कर पाता। अतः अनेक साधनों के माध्यम से उसे बाहर खोजता फिरता है।

ऐसी ही अनुभूति को प्रदर्शित कर कृष्णजू कहते हैं कि—

"ब्रह्म अवैयक्तिक परम तत्व, जो मेरे साथ थे,
पर चेतना के खो जानें से मैं उसे बाहर खोजने लगा
जैसे कोई अपने खोए हुए बच्चे को
पूरे कस्बे में खोजता फिरता है
जबकि वह वास्तव में उसी की गोद में होता है।"

कबीर ने इस दृष्टिकोण को व्यक्त करने के लिए हिरण का बिम्ब दिया है जबकि पं. कृष्णजू ने खोए बालक के उदाहरण से समझाने की चेष्टा की है। मूल भाव तो एक ही है कि जीवन को अन्तर्मुखी होकर आनन्द स्वरूप अवैयक्तिक परम सत्ता का साक्षात्कार करने के लिए साधनामग्न होना चाहिए।

यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि सन्त कवि कृष्णजू ने रासलीला रच कर काव्य सौष्ठव का ऐसा सशक्त, मर्मस्पर्शी एवं प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो शायद अन्यत्र मिलना कठिन सा लगता है। रास के लिए आह्वान करता उनका यह गीत :—

"समिवकरव अथवास
पकिव रास गिन्दने
शेरयथ सापदय कुनी राथ
गूपीनाथ नचनिं लोग
वरिय दोह गव प हर मास
पकिव रास गिन्दने
अपार्य नादा, यपार्य नादा
च्वपार्य राधाकृष्ण छुय
प्रथ कॉसि सूत्यन करिथ अथवास
पकिव रास गिन्दने"

—सन्दर्भ स्रोत : कश्मीरी साहित्य का इतिहास, पृष्ठ : 195-196

"आओ मिलाएं हम सब हाथ
चले रास खेलने
छह मास बन गए एक ही रात
जब नाचने लगा गोपीनाथ
साल दिन बन गया प्रहर मास
चलो रास खेलने
उस पार नाद इस पार नाद
चारों ओर राधा-कृष्ण हैं
सबके साथ मिलाए हाथ
चलो रास खेलने।"

पं. कृष्णजू की लीलाओं को संग्रहीत करने के बहुत प्रयास हुए हैं। हाल ही में हुए दो प्रयासों का उल्लेख करना प्रासंगिक होगा। कुछ वर्ष पूर्व उनके पौत्र श्याम लाल राज़दान ने उनकी सम्पूर्ण रचनावली को तीन खण्डों में देवनागरी लिपि में प्रकाशित किया है। इन खण्डों के शीर्षक हैं—शिवलग्न, कृष्णदर्शन तथा कृष्णवाणी। कृष्णजू राज़दान की 'सम्पूर्ण रचनावली' नामक एक अन्य ग्रन्थ जम्मू कश्मीर कल्चरल अकादमी द्वारा प्रकाशित है, जिसे कश्मीर के प्रसिद्ध कवि सोमनाथ वीर ने संकलित किया है। कृष्णजू की 'शिव लग्न' तथा परमानन्द की 'शिवलग्न' कृति में मूल विषय एक होते हुए भी केवल अभिव्यक्ति की शैली और शब्द संरचना में अन्तर है।

पण्डित कृष्णजू के काव्य में लोकधर्म, लोकचिन्ता तथा लोकमंगल की भावना प्रबल हो उठी है। लोकभाषा के साथ-साथ लोक संगीत में भी उनकी काफी रुचि थी, यही कारण है कि उनकी लीलाएँ गाने के एक अलग ही रस की अनुभूति होती है, जो व्यक्ति में भक्ति एवं आध्यात्मिक शान्ति की अमिट छाप छोड़ जाती हैं। यह संगीत का भक्ति रस कवि को जन-जन के साथ जोड़े रखता है, जो रचना और रचनाकार को प्रासंगिक बना देता है। वर्तमान के इस संक्रमणकाल में जब एक बार फिर पठानों एवं आततायी आक्रमणकारियों के रूप में आतंकवाद का भीषण दौर जारी है, कश्मीर के हिन्दू अपनी जन्मभूमि से दूर हैं तो ऐसे में इस महाविपदा से उभरने के लिए विस्थापितों के पास इसके सिवाय और कोई दूसरा विकल्प नहीं है कि वह भगवान की शरण में जाए। अपने ईष्ट देव की शरण में जाकर परम सत्ता के साथ तादार्म्य स्थापि करने में निस्सन्देह पण्डित कृष्णजू राज़दान की लीलाएँ उनके लिए सहायक सिद्ध होंगी। जो जो इन लीलाओं के रस में जितना डूबेगा, वह-वह इस संसार के भँवर से उतना ही उबर आएगा, और एक दिन वह जरूर स्थायित्व के साथ जन्मभूमि का स्पर्श करेगा, पूरे समुदाय के साथ।

ACHHE POSH GAV LACHHI NOVUY HETH

- PRof. K. L.MOZA

ACHHE POSH GAV LACHHI NOVUY HETH is a superb devotional lyric in Pt. KrishnaJoo Razdan's *Shiva Parinea.* Here the immortal Kashmiri bard rapturously celebrates Uma's union with Chandrachud. The beautiful flowery metaphors illustrate the saint-poet's deep devotion for Lord Shiva and his Devine consort, Shakti. The fragrant lyric scintillates numerous flowery hues and tinges. The poetic artifact reveals unique sensitivity of the great devotional poet's visual and olefactory perceptions. Into the flowery fabric Razdan Sahib entwines some eternal idealistic verities. The lyric, as a whole, reflects the unique sanctity of Kashmiri Hindu wedlock. The predominant mood objectified is devotional rapture and ecstasy.

Shiv Perinae transcreation of Shiva Mahapuran. This devotional literary work opens with the saint-poet's invocation of Lord Ganapati to bless him with the talent for narrating the story of Shiva's union with Shakti. According to the poet, Lord Ganesha, the Onkar-shaped omnipresent god, is the bestower of all 'kinds of boons. A habitual contemplation of his divine form, dispelling impediments, blesses a devotee with the all kinds of successes. Wearing pearly necklaces, he commands Lord Shiva's Rudra legions; he is the vanquisher of Lord Indra and Lord Vishnu; the god with a trunk and a single tusk is the dear son of Shiva and Shakti; he is invited before all gods to bless sacrificial fires; he is the principal attendant of Adi Shakti; the god with four arms, wears red garments and holds his court at Ganpatyar; he carries his four weapons in his four hands for the destruction of demons and maleficent giants.

Pt Razdan Joo prays to Lord Ganapati to destroy our ignorance with his single tusk which he uses as a stylus and to destroy our sins and wrath with his axe and other weapons. Lord Ganesha, the infallible dispenser of justice, is worshiped at all holy places before his elder brother, Kumar Kartikeyo. This invocation, replete with rich mythological allusions, has been an important item in the devotional repertoire of all Kashmir Hindus for the last several decades.

The invocation of Lord Ganapati is followed by thanksgiving to Sadh Guru. For Razdan Sahib, Sadh Guru is none other than Lord Shiva himself. He prays for the nectar of bliss and light amidst enveloping gloom. He longs for the realisation of Shiva amidst the trammels of the illusory cosmos. Through the exercise of temperance, he desires liberation from the shackles of lust, wrath, avarice, pride and possessiveness. The practice of evil deeds has obliterated from the poet's vision, contentment, thoughtfulness, dharma and

divine contemplation. He earnestly desires being ranked amongst saints who attained shivahood through intense sadhna.

Pt. Krishna Joo Razdan believes that spiritual bliss is realizable through the exercise of yogic discipline.

He longs for the revelation of the truths enshrined in the Upanishads. He craves for the attainment of Brahmanand. He is conscious of the fact that contemplative concentration is realizable through rigid yogic discipline through which he seeks divine grace for purification of his mind and soul. He prays for Lord Shiva's grace in directing his sense perceptions towards the realization of the eternal truth of Advaita Vedantic monism. The poet is

perpetually conscious about the essential divinity of man.

After the invocation of Lord Ganesha and thanks giving to Lord Shiva, the saint-poet .narrates the story of creation as enshrined in Vishnu Puran. According to him, Onkar is a symbolic representation of Lord Shiva from whom illusory cosmos has originated. Cosmic illusion gave birth to Lord Vishnu, Who created Lord Brahma. The entire universe and all life were created by Brahma's will. Brahma created Dakhshiprajapati whom he tutored in all kinds of worldly affairs. DakhshipraJapati whom Razdan Sahib calls Brahamrishi, a venerable taporishi and the king of the gods, begot a large number ot daughters, one of whom was Uma. The poet considers such a parent, who begets a daughter like Uma, blessed by Lord Shiva Himself. Uma is given away in marriage ash-besmeared Shiva who is the master of the cosmos. Dakhshiprajapati gives away the remaining daughters in marriage to Chandrama and invites all his relations and friends to participate in these matrimonial festivities.

At this stage of narration, Pt Krishna Joo Razdan ceases to be an omniscient narrator. He sketches lightly Dakshprjapati for relieving the tedium of straight and horizontal narration. His Dakhshiprajapati is a typical Kashmiri Hindu deeply steeped in devotion. He is enjoying a beatific experience because Shiv-Nath has become his intimate relation incognito as Dakhshiprajapati, Razdan Sahib feels his being blossoming like a lotus. The mendicant friar, with the Ganga flowing down his hair, has married his daughter. He decides to feed him with boiled rice, butter-milk and sugar-candy. He is convinced that the mystery

surrounding Shiva is impenetrable. Shiva's camphor-frame exudes poignant aroma. He is himself Brahma, Vishnu and the Supreme Being, an ocean of knowledge and the mystery of Onkara. It is through the non-dualist attitude alone that He can be realised. Throughout Shiv Perinae, we observe narrative omniscience beautifully punctuated by dramatized narration.

Pt. Krishna Joo Razdan celebrates the union of Shiva and Shakti in his Achhe Posh Gav Lachhi Novuy Heth. This lyric is one of the most superb achievements in Kashmiri language. Here Shiva is Chandrachud appearing in dark fortnight and Uma is Param Shakti; here Shiva is Lachhinov and Uma is Achhe Posh. With the union of Shiva and Shakti, spring stalks the earth afresh and the cosmos blossoms like a lotus. Here the immortal bard luxuriates in cataloguing flowers. Among the Kashmiri saint-poets, none has made a comparable brilliant use of this technique for the objectification of his devotion. He resorts to a superb metaphorical use of flowers. Uma is Arni Posh and she is carried away by Shiv Ji who is Neov. Like a typical Kashmiri Hindu bridegroom, Shiva is greatly respectful towards Uma's parents. He carries away Uma after seeking the blessings of her parents. Shiva is Golab; he is Sombul. Uma is Aarwal; she is Yemberzal. Razdan Sahib constantly enjoys the vision of Uma-Rudra. He supplicates before Lord Shiva for a boon of spiritual bliss. In spite of being a master of fabulous treasures, Shiva enjoys being clad sparsely. These persons need no ornaments upon whom the Creator of the universe showers His own bounteous benedictions. Being free from avarice, the material wealth has absolutely no significance for Shiva. He is the creator of both Brahma and Vishnu.

Razdan Sahib is convinced that spiritual progress is realizable only through regular yogic exercises. The number of such exercises is very vast but an aspirant needs to practice only a few of them. Achhe Posh Gav Lahhi Novuy Heth is an inspired lyric which cascades forward like the waters of a mountain till it exudes the aroma of flowery vernal Kashmir landscape. He imparts superb pictorial touches to the short poetic artifact. The poet's love for Shiva rises to the level of God-intoxication. His Shiv Ji is a cliff supporting the crescent moon; he is vernal Neov; he is Golab, and he is Symbul. For him Uma is Param Shakti; she is an Achhe Posher. She is Arni Posher. she is Aarwal and she is Yamberzal. All these flowery metaphors conjure up before readers the celestial couple - Lord Shiva and his divine consort Gauri. Lord Shiva is the creator of the cosmos. He is the bestower of respectability; being free from greed and avarice, material riches have absolutely no significance for Him. The poet supplicates before Lord Shiva for spiritual enlightenment leading to the attainment of salvation. Through a figurative use of Kashmiri language the poet objectifies his intense love for God. Just as there are physical phenomena, in the same manner there are mental phenomena. Both these types of phenomena are apodeictic realities. It is erroneous to extol one set of phenomena at the cost of the denigration of the other. Rational living consists in a simultaneous recognition of the importance of both these types of phenomena. With the modern man's ever-increasing interest in physical phenomena, we are likely to overlook the importance of mental phenomenon this is the tragedy of modern civilization. Devotional poetry is a mental phenomenon. For rejuvenating our springs of bliss, we will have to cultivate afresh the desire for enjoying devotional poetry, just as reading about philosophy can never be a substitute for reading philosophy, in the same manner, reading about poetry can never be a substitute for reading poetry. Great devotional bards like Pt. Krishn Joo Razdan can be best appreciated only through first-hand experience.

Swami Krishnajoo Razdan : A legendry saint poet of Kashmir

- Dr. R.K. Bhat

Kashmir is for ages known as place of saints and seers appropriately called "reshver" It has produced lot of saints in different periods, imbibing in the populace the nectar of spirituality. Although kashmiri pandits had suffered the worst type of barbarism right from fourteenth century onwards with the advent of Islam and thousands of our scholars, historians, and even religious men, women of literature, art, sculpture got perished in this mayhem. Huge literature and books of knowledge got destroyed. But by the grace of almighty the seed under earth germinated and nourished the valley of tears. During that era the men of great eminence, literature and spiritualism also came in to save human values and culture. Among them figures the name of revered swami Krishna joo Razdan as well. The younger generation of KPs is not still aware of its ancestry. I was astonished when I came to know about the literary works of this saint poet.

When we were school going children in late seventies or thereabout the famous melodious song used to be aired on radio Kashmir "bel te madal". We used to go to school singing this song and dancing to its tones. But we were not knowing its scribe. Likewise hundred of bhajans of krishan joo are sung by kashmiri pandit men and women in marriages, hawans and other social and religious functions. These songs depict the rich and actual cultural heritage of Kashmir i.e. Rishut.

It is said in stories that once pandavas got the throne it was decided that a Raj surya yagha should be performed. Pandits from all over India were invited to the hawan. At this moment lord Krishna enquired from Pandavas that whether a Pandit from Kashmir has been invited or not. The reply was no. At once lord Krishna directed Pandavas to have a Pandit from Kashmir and Bheema was assigned the task of inviting the revered Pandit which he promptly did. This is the great legacy of great kashmiri pandits saints and see If swami krishan joo Razdan is seen among the similar category of Pandits. I think it will be proper.

The poetry and Bhakti leelas written by krishna joo are a treasure and the proper service to humanity will be done by disseminating these writings to the common people, so that they will also have a dip in the ocean of nectar churned by this great saint poet. One implication is visible in the swami jee's writings that; he has written poems and leelas praising Shiva, Shakti , Ganesh, Krishna in equal measures. In Sanatani tradition, the people herein Kashmir are devotees of Raghinya, Sharika, Ganesha, Shiva and Krishna. Then worshipper has to choose for deity of his choice and sing a melodious ode from Sawmi Jee's austerities. It is immaterial from which pedestal one will start his journey. I think Swami krishan joo razdan's writings, poems and leelas will really be a guide to him.

Although uptill now I have not gone through the huge writings and Compositions compiled by his grandson Sh. S. L. Razdan. I think the works compiled by him will be really a great experience of spiritual bliss. Studied compilation of Sh. Soom nath Veer is also a great treasure for every kashmiri pandit and it will really provide a solace and balm to hurt psyche of kashmiri pandits in their forced exile from native land Kashmir.

कश्मीरी सन्त कवि : पण्डित कृष्ण जू राज़दान

–डॉ. दिव्या त्रिपाठी

भारत माता का मुकुट-मणि कश्मीर अपनी प्राकृतिक छटा के कारण 'धरती पर स्वर्ग' के नाम से विश्व-विख्यात है। यहाँ की हिमाच्छादित पर्वत-मालाएँ, चिनार-देवदारू की हरित कानन शोभा, शिलाओं से गिरते गुंजायमान निर्झर, सैकड़ों सरसराती सरिताएँ, श्रमहारक शीतल सुगन्धित पवन जहाँ सौन्दर्य-प्रेमियों के लिए ऐन्द्रिक सुख के स्रोत हैं, वहाँ शारदा पीठ, खेरभवानी, नीलनाग, जौलापीठ, भद्रकाली जैसे तीर्थ आध्यात्मिक जिज्ञासुओं के लिए स्पृहणीय स्थल भी हैं।

सर्वविदित है कि कालिदास, श्रीहर्ष जैसे विश्ववन्द्य महाकवियों ने ऐसे शक्ति-पीठों की वरद कृपा से अपने साहित्य का सृजन किया। उत्पलाचार्य, अभिनवगुप्त, लाल देद जैसें दार्शनिकों ने इसी धरांश पर अपने पाण्डित्य से भारतीय दार्शनिक-परम्परा को पुष्ट किया। भक्ति युग के प्रवर्तक अद्धैतवादी आदि शंकराचार्य ने विच्छृंखल हो रहे भारत को एकाकार करने की चेष्टा में स्थापित चार मठों में से एक के निर्माण हेतु इसी भूभाग का चयन किया। इसी महान श्रृंखला में उन्नीसवीं शती में पण्डित कृष्ण जू राज़दान (1850-1926 ई.) ने अपनी अमर कृतियों से इस प्रदेश को गौरवान्वित किया।

पण्डित कृष्ण जू राज़दान जन्मना, कर्मणा सन्त थे। उनकी बाल्यावस्था की एक घटना 'बालक ध्रुव की कथा' का स्मरण करा देती है जिसमें उनकी अल्पावस्था तथा मार्ग की कठिनाई का ध्यान करते हुए उनके माता-पिता उन्हें घर छोड़कर राज्ञाभवानी का तीर्थ करने मंजगाम चले गए। इस पर बालक अन्न-जल त्याग विलाप करता रहा। तब निद्रावस्था में माँ राज्ञाभवानी ने स्वयं उन्हें दर्शन देकर दुग्धपान कराया तथा प्रातः उनकी आह से उपजा प्रथम गान–

'मंज़गामि छख चुँय रा 'गन्या भवानी,
परम पदवी छय चा 'न्य जानिए।

अर्थात् राज्ञाभवानी का वास मज़गाम गाँव में है। उनका स्थान देवियों में सबसे ऊँचा है।

तभी से उनकी रचनात्मक प्रतिभा का श्रीगणेश हुआ।

प्राच्य दार्शनिकों की भाँति पण्डित कृष्ण जू राज़दान भी मोक्ष को जीवन का चरम लक्ष्य मानते थे, जिसकी प्राप्ति के लिए उन्होंने ज्ञान और कर्म मार्ग की अपेक्षा भक्ति मार्ग का प्रश्रय लेना स्वीकार किया और जन-मानस को भक्ति की ओर प्रेरित करने के लिए उन्होंने रसात्मक काव्य का सृजन किया। फलतः उनका काव्य-संग्रह 'साध्य' न होकर 'साधन' है, 'रति' के लिए न होकर 'शान्ति' के लिए है। वे पहले सन्त हैं फिर कवि।

राज़दान जी की लगभग चार सौ प्रकाशित व अप्रकाशित रचनाएँ हैं, जिनमें 'शिव-परिणय' प्रबन्ध काव्य है तथा अनेक स्तुति परख मुक्तक कविताएँ हैं जिनमें राम, कृष्ण, शिव, भक्ति, ज्वाला, सरस्वती, शारिका (स्थानीय देवी) अराध्य देवी-देवता हैं।

कश्मीर शैव सम्पद्राय का केन्द्र रहा है। शायद इसलिए पण्डित कृष्ण जू राज़दान की कृतियों में शिव की महिमा का वर्णन सर्वाधिक उपलब्ध होता है और उनकी कीर्ति 'शिव-परिणय' नामक प्रबन्ध काव्य पर अवलम्बित है, जिसका महामहोपाध्याय मुकुन्दराम शास्त्री कृत संस्कृत में अनुवाद एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल से प्रकाशित है। यही तथ्य उनकी इस कृति के महात्म्य का बखान करती है। वैदिक काल से ही विवाह एक धार्मिक-संस्कार के रूप में स्वीकार किया गया है, जिसका महत्वपूर्ण उद्देश्य स्त्री-पुरुष के मधुर समन्वय एवं सामञ्जस्य द्वारा पारिवारिक, सामाजिक तथा राष्ट्रीय जीवन की सुव्यवस्था, शान्ति एवं मर्यादा की रक्षा करना है। 'शिव-परिणय' में शिव और शक्ति के विवाह की प्रसिद्ध पौराणिक कथा का सांगोपांग वर्णन हुआ है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है अतः कवि की लेखनी से उसका परिवेश, अचिन्त्य होने पर भी, अवश्य प्रतिबिम्बित होता है, जो कालान्तर में सांस्कृतिक धरोहर बन जाता है। इस दृष्टि से 'शिव-परिणय' में कश्मीरी समाज में विवाह के अवसर पर सम्पन्न होने वाले अनेक रीति-रिवाजों की छाप स्पष्ट परिलक्षित होती है यथा स्त्रियों द्वारा 'वनवुन' का लगातार गान किया जाना, 'तुम्बकनारी' (कश्मीरी लोक-वाद्य) की चर्चा आदि।

इससे जहाँ एक ओर स्थानीय पाठक उक्त रीति-रिवाजों से परिचित होने के कारण काव्य में तल्लीन हो असीम रसास्वादन का अनुभव करता है, वहाँ दूसरी ओर उस पद्धति से अभिज्ञ पाठक के लिए वे प्रसंग नूतन होने के कारण उसकी जिज्ञासा को शान्त करते हुए परम सन्तोषदायक बन गए हैं। यही नहीं आज लुप्तप्राय हो रहे विवाह सम्बन्धी रीति-रिवाजों को सहेजे हुए यह काव्य भविष्य के लिए तद्धषयक ज्ञान का स्रोत बन गया है।

इस प्रकार पौराणिकता एवं लोक-प्रचलन के मंजुल समन्वय से युक्त यह कृति उनकी प्रतिभा का स्पर्श पाकर अमर हो गई है।

उनकी सम्पूर्ण रचनाएँ भक्ति रस से आप्लावित है। एक भक्त के लिए आराध्य का जीवन वृतान्त ही स्मरणीय होता है, उनकी लीलाएँ ही गेय होती हैं। इसलिए उनकी कविताओं में कृष्ण की रास-लीलाओं का, राम, शिव-पार्वती से सम्बन्धित छोटी-छोटी घटनाओं का वर्णन किया गया है।

उनके मत में भक्ति से तात्पर्य एकान्त में मन्त्र-जाप नहीं था अपितु भक्त की प्रत्येक चेष्टा देव अर्पित होती है। यथा,

'कथुँ साजि महा मन्थुर ज़ान
वुछुन सोन मान वतम ध्यान
ख्यौन चौन सोन गौ बोंड ब्यपवास
पॅकिव रास गिन्दवे'

अर्थात् हमारी बातों को महामन्त्र जानो। हमारी दृष्टि को उत्तम ध्यान

समझो। हमारा खान-पान महाव्रत है। आओ, हम रास रचाएँ।

आत्मसमर्पण की पराकाष्ठा ऐसी होती है कि उसके बिना कान और कुछ सुन नहीं सकते तथा संकल्पों से भी संन्यास ले लिया जाता है–

'कर्युं गयुं न्यंगलिथ अर्थुं रूज़िथ
कन छिँन्तस बिन केहबूज़िथ
संकल्पन हुन्द कौर संन्यास...'

तभी भक्त के समस्त शोकों का क्षय हो जाता है और वह परमानन्द प्राप्त करता है।

'यिथ्य हर्षन क्षय कौर शूकन
कतिबनि मंज लूकालूकन।'

वे निष्काम-भक्ति के पक्षपाती थे। यथा 'ब्रह्मानन्दुकमन्दर छु अन्दर अंचिव भक्ती कंरिव नेंकाम' (कृष्णुं वॉणी पृ. 133) (ब्रह्मानन्द का मन्दिर अन्तर्तम में है। उसमें प्रवेश कर निष्काम भक्ति कीजिए।)

इसी तरह 'कृष्ण छुय राम रामस सोन, प्रणाम अभीदुं भक्ति करूँनाव्यमम्य नैष्काम।' (वही 79)

(कृष्ण राम हैं, राम को हमारा प्रणाम जो मुझे निष्काम् अभेद भक्ति कखाएगा)।

यदि कुछ माँगा भी है तो वह प्रभु-चरणों की भक्ति की याचना ही है क्योंकि एक भक्त के लिए भक्ति से बढ़कर कुछ भी अन्य वरणीय नहीं होता। यथा उन्होंने स्पष्ट कहा है कि

'सन्वख यतम सोरूय नितम
द्युतभुत यि छुय फीरित ह्यतम
भक्ती दितम भक्ति दितम
भक्ती हुन्दुय दरबार दिन
छुख मूक्षि दाता पानुं चुंय
कीवल सतुक व्यचार दिम'

(हे प्रभु, जरा मेरी भी सुन लो। आज मेरे सामने प्रकट हो जाओ। बेशक तुम मेरा सब कुछ ले लो और जो कुछ भी आज तक तुमने मुझे दिया है सब वापिस ले लो। पर मुझे अपनी भक्ति दे दो। इतनी भक्ति कि मेरा सारा व्यवहार ही तुम्हारी भक्ति से ओत-प्रोत हो जाए।)

पण्डित कृष्णजू राज़दान की कृतियों में 'राम भक्ति हुंद महत्व', 'श्री रामस त्वता', आदि में जहाँ राम की महिमा का मनोरम वर्णन है वहाँ 'श्री कृष्ण लीला', 'श्री कृष्ण महाराज' जैसी अनेक कविताओं में श्री कृष्ण का चरित्र वर्णित है। स्थान-स्थान पर शिव-सम्बन्धी वृतान्तों के वर्णन में कवि खो गया है पर सर्वत्र वैदिक मान्यता 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' अर्थात् एक ही तत्व को ज्ञानी अनेक प्रकार से कहते हैं–को आत्मसात् करते हुए एकेश्वर देववाद को व्यक्त किया गया है। यथा

शंकर कृष्ण ईकुं रूँपुंय छुय'
(कृष्णुं वाणी पृ. 102) (शंकर और कृष्ण एकरूप हैं।)
'अद्वयतुं गीतुं परम धरमुं पदुं परु परात्परूँ सुंय
ओम वेष्णुं कृष्णुंरामुं रॉमीश्वरूँ हरूँ शंकरूँ शंभु' (कृ.वा.पृ.164)
रॉत्य रातस असि हूयौत् ग्यवनुय
तिय बूज शिवनुंय कीशवनुंय' (शिवुं लगुंन पृ. 160)

(हमने रातभर शादी पर्व के गाने गाए जिन्हें शिव ने सुना जो स्वयं ही केशव हैं।)

'सुय ब्रह्मा सुय वेष्णुं मानुन
जगतुक ईश्वर सुय जानुन
सुय परमात्मा सुय स्वछन्द
शिवनाथ सॉ पनुम बांधव तुं बन्ध' (शिवुं लगुंन पृ.13)

(वही ब्रह्मा है वही विष्णु। संसार का ईश्वर वही है। वही परमात्मा है, वही मुक्त है। शिव (पावर्ती से विवाह करके) अपने बन्धुओं के भी बन्धु बन गए।)

'कृष्णुं रूँपुं रामुं चँन्द्रो', 'रामुंय छु कृष्ण, कृष्ण छु रामुंय' आदि

पण्डित कृष्णजू राज़दान परमात्मा के सगुण रूप का हृदयंगम चित्रण करते हुए यत्र-तत्र उसके निर्गुण-रूप का वर्णन भी एक दार्शनिक की तरह कर गए हैं। यथा

'छु मायातीत मूगन हुंद करिथ हीथ' (कृ वॉ पृ. 79)
'काया दॉरिथ छि माया तीथ
यूगुक छु सॉमी तुं भूगुक छु हीथ
भूगिथ छु न्यरमल तुं न्यर आभास'

(काया धारण करके भी (ईश्वर) मायातीत है। योग का स्वामी है किन्तु भोग का बहाना करता है। भोग कर भी वह निर्मल निरभ्यास है।)

'मायातीत अद्वयतुं रूँपा
न तस कबीलुं न गुथुर न क्राम' (कृष्णुं वाणी पृ. 133)

(वे मायातीत हैं, अद्वैत रूप हैं। न उनका कबीला है, न गोत्र और न कोई उपनाम है।)

'ओम' शब्दुंच महिमा' में राज़दान जी ने ओम् शब्द की ऐसी महिमा गाई है कि उससे उपनिषद वाक्यों 'सर्वे वेदा प्रत्पदमाभन्ति...' का स्मरण हो आता है।

'ब्रह्म निष्ठा ओमुंय छुय
स्वरूण हृय तुं कुस गमुंय छुय
...ओमुंय छुय ज्ञान-विज्ञान'
...ओमुंय छुय वेष्णुं ब्रह्मा, ओमुंय छुय शिव तु व्यमा...' (कृष्णुवाणी पृ. 45)

ब्रह्म में निष्ठा 'ओम्' है। उसका स्मरण करने पर कोई गम नहीं होता।...'ओम्' शब्द में ही ज्ञान-विज्ञान है। ओम् ही विष्णु, ब्रह्मा, शिव, उमा है।)

यही नहीं भगवतदगीता में कृष्ण-स्वरूप वर्णन की तरह ओम् शब्द का बखान करते हुए कवि ने कहा है–

नारायण छुय नरण मंजु
अकार छुय अच्छरण मंज
सतुक स्वर छुय स्वरण मंज (वही पृ. 46)

(नरों में 'ओम्' शब्द नारायण है। अक्षरों में 'अकार' है। स्वरों में सत्य का स्वर है।)

'शिव-परिणय' में भी त्रिक् सिद्धान्त (शिव, शक्ति, नर रूप) के आधार पर शिव-महिमा वर्णित है।

इस प्रकार गूढ़, दार्शनिक तत्व भी परम सहजता से जनसाधारण के लिए सरल शैली में व्यक्त किए गए हैं।

इनका अधिकांश साहित्य कश्मीरी भाषा में रचित है। किन्तु संस्कृत, फारसी, उर्दू, हिन्दी भाषा का प्रयोग भी किया गया है। यथा संस्कृत के प्रयोग को देखिए—

'ओम नमः शिवाय शाश्वताय शंकराय शंभवे।' (कृष्णुँ वॉणी पृ. 149)

फारसी और कश्मीरी का मनोरम समन्वय द्रष्टव्य है—

'इस वागि दुनियां में कुछ नहीं अब शर्म की बू
अरे राजा हो रंग बदला है फूलों फलो को
युथ दॅर्ज पाथुॅर छुय बनावन मरदन जनानै
कम कम पॉथुॅर लॉगिथ चास सूॅत्य अज्ञानै (कृ.वा.पृ.91)

कश्मीरी भाषा स्वतः मधुर है उस पर सानुप्रासिकता तथा लयबद्ध संगीतात्मकता से इनकी कृतियों में अनुपम सौन्दर्य का आधान हुआ है जिससे इस भाषा से अनभिज्ञ भी इन कविताओं को सुनने मात्र से झूम उठता है। यथा अन्त्यानुप्रास का निदर्शन—

'कामधीनन गुपियन गोरयन वछूयन वांदन प्रणाम' (कृ.वा.पृ. 67)

अथवा अनुप्रास तथा रूपक के उदाहरण—

'परमात्युँ परमानन्दुँ परमीश्वरूँ... (कृष्णु वाणी. पृ 135)
संसारूँ सागरूँ सरूँ कौर स्वरव द्रख
आरूँ हारूँ द्रह हारूँ आरूँ वलि हाव म्वख' (कृष्णॅ वाणी 277)

सम्पूर्ण काव्य में प्रासादिकता का साम्राज्य स्थापित करते हैं।

सम्पूर्ण कविताएँ छन्दोबद्ध हैं। अतः गेय हैं। संस्कृत-कवि 'जयदेव' के 'गीतगोविन्द' की भाँति इनकी रचनाएँ भी कश्मीर के मन्दिरों में तथा विवाह अवसरों पर घर-घर में गाई जाती रही हैं। यही नहीं आज भी साम्प्रदायिकता से त्रस्त कश्मीर में हिन्दू-मुस्लिम गायकों द्वारा समान रूप से इनकी रचनाएँ गाई जाती हैं जो सिद्ध करता है कि सच्चा सन्त सर्वत्र पूज्य होता है और उसका कथन समाज में भ्रातृभाव व प्रेम का प्रसार करता है। राजनैतिक दाँव-पेंच जहाँ परस्पर लड़वाते हैं वहाँ सन्त वाणी मेल कराती है।

इस प्रकार पं. कृष्णजू राज़दान की कृतियों में भक्ति और कवित्व घुल-मिल गए हैं। वे एक और जहाँ सच्चे सन्त थे वहाँ दूसरी ओर प्रतिभा सम्पन्न कवि।

उक्त विवेचन से स्पष्ट है कि वे भक्त ही नहीं अपितु दार्शनिक व योगी भी थे, जिनके सान्निध्य को प्राप्त करके लाभान्वित हुए सज्जन प्रमाण है। आज उनकी कृतियों का राष्ट्र-भाषा हिन्दी में अनुवाद करने की आवश्यकता है ताकि यह सन्त कवि एक प्रान्त तक सीमित न रह राष्ट्र-कवि के पद से सुशोभित हो और सम्पूर्ण राष्ट्र उनकी रचनाओं का लाभ व आनन्द ले सके।

कृष्ण जू राज़दान एक परिदृश्य

श्री सोमनाथ लाहोरी
(तायर- लाहोरी) शोपयानी

सदियों से कश्मीरी अदब पर जो गर्द जमी हुई थी,जिस गर्द ने इस बेश-बहा कीमती सरमाये को लोगों की नज़र से ओझल कर रखा था जिस कारण यह अदब काफी समय तक गुमनामी में भटकने पर मजबूर हुआ था लजा तोर पर 19 वीं सदी ईसवी मुबारिकबादी का मुस्तहेक है जिस सदी में इस अदब को गुमनामी के दल दल से निकाम कर मंजरे आम पर लाने में कामयाब रहा। इन गुमनाम कोहना मश्क शायरों में ललदद्य,शमस कबीर,सोछ काल, बुलबुल जबगामी,स्वमाल, अरणीमाल,अहद जरगर तथा संत परमानंद शामिल हैं जिन के कलाम से ऐसा महसूस हो रहा है जैसे सूखे हुए चश्म से पानी का तेज बहाव उबल रहा हे।इन के कलाम में पुख्तगी के साथ साथ इतनी गहराई पाई जाती है जो आम आदमी की समझ से बालातर है।इसी सदी के वस्त में संत कृष्ण जू राज़दान के रसीले भजन मंज़र आम पर आने शुरू हुए।

कृष्ण जू राज़दान का जन्मस्थान वनपूह है जो अनन्तनाग से करीब पॉच मील की दूरी पर बरि लबि राजमार्ग पर पड़ता है।राज़दान साहब एक रईस घराने के चश्मे चराग़ थे।इन के पिता श्री गणेश जू राज़दान काफी समय तक वादी से बाहर रहे थे।वहाँ के माहौल ने इनके पिता को काफी मुतास्सिर किया था जिस कारण इन्होंने वापसी पर अपने लख्ते ज़िगर की तालीम पर खास ध्यान देना शुरू किया ताकि भविष्य में श्री कृष्ण जू राज़दान एक आदर्शवादी के रूप में उबर सके।

श्री गणेश जू राज़दान की मह तपस्या ने कलील समय में ही रंग लाना शुरू किया तथा राज़दान साहब अपनी मादरी ज़बान के अलावा हिंदी उर्दू फारसी तथा संस्कृत माशबू पर उबूर पाकर एक विद्वान के रूप में अवाम के सामने नमूदार हुए।

श्री राज़दान खुद भी गाने के शौकीन थे। जगदम्बा ने इन के सुर में मिठास भर दी थी।अपनी लीलाएँ मीठे स्वर में गाकर इस तरह वजद में आते थे जैसे भगवान कृष्ण खुद रासलीला खेल रहे हों।इस तरह कलील समय में ही राज़दान जी इन महफिलों में एक रूह बन कर उबर आये तथा सुनने वाले उनके शिष्य बनने की दौड़ में लग गए।

श्री मुकुन्दराम उस समय के उच्च कोटि के ज्ञानी संत माने जाते थे जिनको इन सत्संग की महफिलों में काफी आदर सत्कार हासिल था।उनके पहले ही काफी शिष्य थे पर राज़दान साहब के ताबनाक मस्तक को देखते ही वह ताड़ गए कि वाकई राज़दान साहब को गुरू की प्यास है तथा शिष्य बनने का पात्र इसमें साफ दिखाई दे रहा है।

इन सत्संगों में हिस्सा लेते ही जहाँ गुरू महाराज मिलने की प्यास मिट गई वहाँ इन के रसीले भजन इन सत्संगों से निकल कर अवाम में आने लगे तथा इन भजनों की मकबूलियत देखकर अली मुहम्मद नूर मुहम्मद ताजरात कुतुब माइसोमा को "हरी- हर" कल्याण के नाम से मानने पर मजबूर होना पड़ा।

कहा जाता है कि गुरू कृपा उसी पर होती है जो शिष्यत्व के गुणों को अपने दिल में संभाल कर रखता है।गुरू की आशा के अनुसार ही शिष्य अपनी रणनीति बनाने में कामयाब हो जाता है तथा सदा गुरू भक्ति में लीन रहता है।

राज़दान साहब के घरेलू माहौल में साधु-संतो का आदर सत्कार पूर्वजों से ही चला आया था। इस घर में साधु-संतों का आना-जाना शुरू से ही चला आया था तथा इनकी सोहबत में रहना इस परिवार की शुरू से ही रवायत रही थी। इनका मानना था कि महापुरूषों की संगत में रहना तथा इनके दिखाए हुए मार्ग दर्शन पर चलने से मनुष्य को हर पीड़ा से मुक्ति मिलनी यक़ीनी है जिनके वचनों में अद्भुत शक्ति होती है जिन वचनों का सेवा- भाव से पालन करके सुख मिलता है जो सुख आत्मप्रकाश को जगमगाता है तथा वासनाओं को कुचल डालता है जबकि जीवात्मा को बंधन के जाल में फँसाने के लिए चार दीवारें जिम्मेदार हैं। जिनमें अश्रद्धा,असत्य, क्रोध तथा लोभ शामिल हैं। इन चार दीवारों को तोड़ना कठिन काम नहीं है।

श्री कृष्ण जू राज़दान को उस साक्षात् देवी का दर्शन पाना भी एक दिलचस्प वाक़या है। जब कि इन के घरवाले तीर्थयात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे परन्तु इस कमसिन बालक को यात्रा पर ले जाना कुछ मुनासिब न था क्योंकि 30-35 मील का रास्ता था तथा वह भी पैदल चलकर तय करना था। कुछ नदी नालों के ऊपर लकड़ी के कच्चे पुल लगे थे जिनके ऊपर होशियारी से चलना था। इस तरह राज़दान को रोकने के लिए सैर-सपाटे का चकमा दिया गया ताकि यात्रा पर जाने का रास्ता आसान हो जाए। इस को अपने घरेलू नौकर के साथ बाहर घूमने के लिए भेज दिया गया तथा वे अपनी यात्रा पर चल पड़े।

जब राज़दान सैर-सपाटे से वापस घर पहुँचा तो घर में कोई चहल-पहल न थी। चारों तरफ खामोशी टपक रही थी। राज़दान साहब ताड़ गए कि मुझे चकमा दिया गया। वह फूट-फूट कर रो पड़े। नौकर ने मनाने की बहुत कोशिश की पर उसके ऑसू थम न सके। देर रात तक वह भूखे पेट रोता ही रहा। इस दौरान उसकी ऑख लग गयी और वह गहरी नींद में डूब कर सपनों की दुनिया में पहुँच गए। इसी दौरान उसने महसूस किया कि कोई सुन्दर नारी कश्मीरी पोशाक में मलबस पास बैठी जो राज़दान साहब के बालों को संवार रही थी तथा राज़दान को दिलासा दे रही थी कि होना अब कुछ नहीं तुझे जिस के पास दर्शन के लिए आना था वह मैं ही हूँ तथा तुम्हारे ऑसुओं ने मुझे तेरे पास आने पर मजबूर किया तथा इसी दौरान राज़दान साहब के मुँह में खीर डाल दी। खीर डालते ही राज़दान की ऑख खुल गई पर वह नारी कहीं नज़र नहीं आई पर खीर की तह अब भी होठों पर जमी थी। जायका बराबर राज़दान साहब चख रहा था तथा इस सुन्दर नारी का आकार बराबर ज़ेहन में ताज़ा था जिस के खद-खाल तथा रंगरूप से साक्षात् देवी जैसी लग रही थी। राज़दान साहब सोच के समन्दर में डूब गए पर किसी नतीजे पर न पहुँचे।

दूसरे दिन जब यात्री लोग वापस यात्रा से लौटे तो इसने अपनी माता श्री को अलग तनहाई में ले जा कर इस सपने का सारा किस्सा सुना दिया। चूँकि इसकी माता श्री भी काफ़ी श्रद्धावान थी तथा साधु -संतों की सेवा काफी श्रद्धाभाव से करती थी। उन्होंने सोचा हो न हो यह तो खुद राज्ञिन्या भगवती का ही आकार लग रहा है। कुछ देर चुप रहने के बाद उसने अपने पुत्र राज़दान का इस स्वप्न के बारे में चुप रहने की तलकील की।

राज्ञिन्या भगवती के हाथ खीर क्या खाई कि सरस्वती के सभी द्वार खुद ब खुद राज़दान साहब के लिए खुल गए तथा राज़दान ने कवितााएँ लिखनी शुरू कर दी तथा यह कविता शायद उसकी पहली कविता है तथा इसी कविता से उसने अपनी शायरी की शुरूआत की ः

मंजगामि छख रागिन्या भगवती
पदम पदवी छय ज़ानिए।।

राज़दान साहब ने अपने जीवनकाल में डोगरा शाही के सभी दौर देखे। महाराजा गुलाब सिंह की तख्तनशीनी से लेकर महाराजा हरी सिंह तख्त पोशी तक वह चश्मदीद गवाह रहा, पर महाराजा प्रतापसिंह के दौर में इसकी शायरी ने सदियों का सफ़र तय कर लिया तथा इनकी लीलाओं से बराबर ज्ञान का रस टपकने लगा तथा शिवभक्ति इस तरह बयान करने लगे जिनका अध्ययन करते हुए ऐसा लग रहा है कि खुद ईश्वर का स्वरूप सामने प्रकट हो रहा है।

कृष्ण जू राज़दान के चेहरे पर खसाखशी स्याह दाढ़ी और घनी मूँछ ने इनकी सूरत को आकर्षक बना दिया था। ऑख की गहराई ऐसी थी कि सामने वाले को देखते ही उसके मन की बात बतलाते थे। इस तरह यह भी जान पड़ता है कि वह ज्योतिष विद्या में भी रूचि रखते थे। राज़दान साहब ने कई भविष्यवाणियॉ भी की हैं जिनका चर्चा महाराजा प्रतापसिंह के दरबार तक पहुँचा गया तथा खुद महाराजा इस संत राज़दान का दर्शन करने के लिए दौड़े-दौड़े वनपुह चले आए जहाँ राज़दान साहब ने महाराजा का बहुत गर्मजोशी से आदर-सत्कार किया तथा यह सिलसिला फिर बराबर जारी रहा। जम्मू आते-जाते समय महाराजा प्रतापसिंह थोड़ी देर के लिए वनपुह में ठहर कर इस संत के दर्शनलाभ प्राप्त करके सफर जारी रखते थे।

राज़दान साहब का मानना है कि मनुष्य की प्यास तब ही मिट सकती है जब मनुष्य परमेश्वर के स्वरूप को जानने की कोशिश करेगा। इस कोशिश में सफलता पाने से ही ह्दय की ग्रन्थियॉ खुद ब खुद खुल जाती हैं तब सृष्टि के सारे रहस्य उस के सामने प्रकट होने लगते हैं। उनका मानना है कि इस शरीर को "मैं" तथा "तुम" के चक्कर ने ही मार डाला है तथा इससे मुक्ति पाने के लिए पहले हमें वासनारहित होना है और फिर नफ़रत को प्रेम में बदलना है। यह "मैं और "तुम" ही अंहकार है और यह अपनी सीमा को पार करने के बाद घोर अन्याय करने लगता है।

राज़दान साहब की कविताओं से यह जान पड़ता है कि भक्ति,योग तथा तप में जितनी निष्ठा होगी हम स्वयं को उतना ही प्रभु के निकट पहुँचा पाएँगे। निष्ठा के अभाव में भक्त की भक्ति अधूरी रह जाती है। राज़दान जी के समय में भाण्ड-जश्न बहुत प्रचलित था क्योंकि उस समय दिल बहलाने का कोई अन्य साधन उपलब्ध नहीं था। भाण्ड कलाकार मसखरे के रूप में इस संसारी व्यवहार को अपने तन्ज़ का शिकार बनाकर लोगों को हँसने पर मजबूर कर रहे थे और जिससे यह संदेश भी प्रसारित होता था कि यह संसार खुद एक भाण्ड-जश्न है जिसमें कलाकार आते हैं तथा अपने कर्मो के निशान छोड़कर चले जाते हैं।

राज़दान साहब तौवहम परस्ती के कायल न थे जबकि आज के दौर में लोगों को सात और ज़ंग के फरहादा वहम ने अपने बाजू में दबोच रखा है ः

कति वुछ ज़ंग तय कति वुछ सात

इस वहम परस्ती के साथ-साथ लोग जात-पात तथा अमीरी-गरीबी के चक्कर में जकड़े हुए थे ः

असि गछि आसुन सोरय अहा छि दुनियादार।
खॉह चीज़ उलुन गछ़ि न चलुन गछ़ि व्यवहार।।

राज़दान साहब वेद और शास्त्र के जबरदस्त कामिल थे। वह अपनी अज़ीम संस्कृति की रोशनी में इन्सानी ज़िदंगी में बदलाव लाता चाहते थे तथा लोगों को भी वेद और शास्त्र का ज्ञान देना चाहते थे।

संत कृष्ण जू राज़दान प्रसिद्ध अंग्रेजी कवि वर्डसवर्थ से कुछ कम नहीं थे हालॉकि वर्डसवर्थ प्रकृति से बहुत प्रभावित रहे हैं। राज़दान साहब ने भी अपने एक गीत में रंग बिरंगे फूलों की महक तथा अपने गुरू शिव के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा को बहुत अच्छी प्रकार से प्रस्तुत किया है। इस गीत को कश्मीर के प्रसिद्ध सूफियाना गाय्क श्री कालीन बाफ ने इतने प्रभावशाली ढंग से गाया है कि सुनने वाले के कदम रूक जाते हैं। इस गीत में शब्दों का उत्कृष्ट चयन किया गया है ः

व्यल तम मादल व्यन गुलाब पम्पोश दस्तय।
पूज़ाय लागस परम शिवस शिवनाथस तय।।
जटा मुकटा प्यठ गंगा वसान छस तय।
दीवी त दिवता वेशत भ्रमा छिस दस्तबस्तय।।

हर शायरी के पीछे किसी खास मकसद का दखल होता है। वादी में सूफी शायरों ने एक ख़ास फलसफे की तर्ज़मानी की है। इस दौर में राज़दान साहब की शायरी भी एक ख़ास फलसफे की तर्जुमानी करती है क्योंकि वह एक गृहस्थ संत थे परन्तु जो कुछ उन्होंने कहा अपने अनुभव से कहा

जगथ अम्बा छक चॅ वोनुस असि नाव।
निश-बोद शुरेन दयायि हुन्द दामान प्यठ त्राव।।

राज़दान साहब की ज्ञानपूर्वक लीलाएॅ उस समय अवाम में आनी शुरू हुई जब संत परमानंद जी की लीलाएँ घर घर में गुनगुनाई जा रही थी। परमानंद जी के भजनों को सुनकर राज़दान जी उनसे मिलने के लिए बेताब हो गए। कुछ समय पश्चात् राज़दान साहब परमानंद जी से मिलने मटन पहुॅचे तो किसी ज्ञानी पुरूष को अपनी ओर आते देखकर परमानंद जी दौड़े दौड़े राज़दान साहब के पास आए। राज़दान साहब परमानंद जी से आयु में छोटे थे पर उनके मस्तक पर तेज देखकर परमानंद जी बहुत प्रभावित हुए।

दोनों संत शिव दर्शन तथा शक्ति के उपासक थे जैसा कि उनके इनकी रचनाओं से परिलक्षित होता है। संत परमानंद ने "राधा स्वयंबर" तथा "शिव लगन" लिखकर अपनी श्रद्धा-भक्ति का भरपूर प्रदर्शन किया है। दोनों संत भक्ति के सफर में हमसफर थे। दोनों ही एकमात्र सत्य को परम धर्म मानते हैं क्योंकि परम ज्ञान ही धर्म की प्रतिष्ठा माना जाता है। राज़दान साहब को शिव भक्ति पर बहुत गर्व था। उनका मानना है कि शिव का अर्चन करने से जीवन के सारे पाप धुल जाते हैं क्योंकि शिव सार्वदेवात्मक तथा सर्वमन्त्रमय हैं।

राज़दान साहब ने कर्म पर अधिक बल दिया है। कर्म त्याग या वैराग्य में नहीं है बल्कि परिश्रम में है। इस संदर्भ में निम्न पंक्तियाँ दृष्टव्य हैं ः

ज़न्मन हुन्द कर्म फल म्य हार

कर नाव निशकाम कार
देह अभिमान नत म्योन नाव
आर यियिन्य शम्भू।।

एकबार कुछ चापलूस शिष्यों ने राज़दान साहब को गुरू महाराज की नज़र से गिराने के लिए कहा कि गुरू महाराज राज़दान साहब कोई शायर वायर नहीं हैं वह दूसरों के शेर चुराकर और उन में थोड़ा बहुत परिवर्तन करके अपनी कविता बनाते हैं तथा इस काम में वे बहुत चतुर हैं।इस संदर्भ में गुरू महाराज ने डल झील की सैर का कार्यक्रम बनाया तथा नियत समय पर सभी चेले आकर डूंगे में सवार होकर सैर को निकल पड़े और डल के दिलकश नज़ारे का आनन्द लेने लगे।गुरू महाराज ने राज़दान साहब से इस दिलकश नज़ारे पर कोई नई नज़्म सुनाने को कहा।चूँकि राज़दान साहब को उस शक्ति पर पूरा भरोसा था जिस शक्ति ने राज़दान के लिए सरस्वती के सभी द्वार खोल रखे थे।कुछ देर के लिए राज़दान सोच के समन्दर में डूब गए और फिर अपने गुरू महाराज की ओर मुखातिब होकर यह ज्ञान से परिपूर्ण कविता अपनी मधुर वाणी में सुनाकर उन चापलूस चेलों का मुँह बंद कर दिया जिन्होंने उनकी शायरी पर कीचड़ उछाली थी।कविता की एक बानगी प्रस्तुत है ः

सर कर संसार नदरूम द्राव
डल होश चित्त की पम्पोश छाव।।

यहाँ कवि अपने गुरू शिव से मन की शान्ति की अपेक्षा कर रहा है जिससे कि अंधकार से मुक्ति मिल सके और हर तरफ ईश्वर ही ईश्वर दिखाई पड़े ः

सतचित आनन्द अमृत चावतम।
सतगुरू हावतम गटि मंज़ गाश।।

इन पंक्तियों में कवि प्रार्थना,पूजा में अपनी अज्ञानता प्रकट करता है केवल अपने विश्वास पर भरोसा करता है।मेरे गुरू शिव मुझे क्षमा करके अपनी दयादृष्टि बनाए रखें ः

न ज़ानय पार्थी पूजा न त्वता
म्य वुच्छ म्य कुन वुच्छ वुमा नाथो क्षमा कर
च़ वुच्छ पत न दयायि कुन दया कर।।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि पण्डित कृष्ण जू राज़दान ज्ञान के असीम सागर और भक्ति के आचार्य माने जाते हैं।उन्होंने अपनी रचनाओं में योग,ज्ञान, भक्ति, दया,धर्म ,समाज- सेवा, वेद, शास्त्र और सत्संग की महत्ता का विशद वर्णन किया है।राज़दान साहब ने अपने भजनों में परमेश्वर के स्वरूप की तलाश का लक्ष्य बनाया था।उनकी भक्ति ज्ञान के समन्दर की उठती लहरें उनको रास खेलने पर मजबूर कर रही थी और उस महान संत महापुरूष असीम ज्ञान के आचार्य को मेरा शत् शत् प्रणाम।

शिव जी सुन्द भक्ति भजन

ब्यल तै मादल व्यनुँ गुलाब पंपोशुँ दस्तै
पूज़ायि लागस परमुँ शिवस शिवनाथस तै

जटा मुकटस पेठ्य गंगा वसान छ्स तै
दीवी तुँ दिवता वेष्णुँ ब्रहमा छिस दस्तुँ बस्तै
भक्ती भावुक जै जै कार आसिन तस तै
पूज़ायि लागस परमुँ शिवस शिवनाथस तै

दया सागरुँ लोलुँ विज़ियायि कोरनस मस तै
हा पोशुँ मते होशुँ मोडल थव ध्यान ह्यस तै
असार संसार छ्लुँ रावान सोर रोज़ि कस तै
पूज़ायि लागस परमुँ शिवस शिवनाथस तै

पॉर्य पॉर्य लगयो शिवुँ शंकरुँ शिवुँ नावस तै
दर्शनुँ चान्युक छुम में यंच़ लोल यंच़ हावस तै
टोठतम सदा शिवुँ जगत ईश्वरुँ छुस बेकस तै
पूज़ायि लागस परमुँ शिवस शिवनाथस तै

पंपोशुँ पादव सूँत्य यितम अस्तै अस्तै
चरणन बुँ वन्दै ज़ुव जान ह्यथ वॉलिंज वस तै
यिनुँ चानि सूँत्यन पोज़ बुज़्यम नागुँरादस तै
पूज़ायि लागस परमुँ शिवस शिवनाथस तै

अमर नाथस नीलुँ कण्ठस कलुँ वन्दस तै
दयायि सूँत्यन कृष्णस प्यठ आर यियुँनस तै
येछि पछि सूँत्यन गछ़ि अरपण ह्यथ भावस तै
पूज़ायि लागस परमुँ शिवस शिवनाथस तै

* * *

शिव के भक्ति भजन

अनुवादक : डॉ. मथुरा दत्त पाण्डेय

मादल, बेल, गुलाब, व्यन
और कमल के फूल
लेकर चाहूँ पूजना
शंकर मंगलमूल ॥1॥

बहे गंग जिसकी मुकुट-सी जटा से
विष्णु-ब्रह्मा भी करते जिसका नमन,
शुभंकर उसी शंभुको भक्तिपूर्वक
कहूँ जय, चढ़ाऊँ भाव-भीने सुमन ॥2॥

श्रृद्धा-प्रेमजनित मस्ती से मैं बना तुम्हारा मतवाला,
पर फूलों के शहज़ादे! तुम मेरी होश न हरना।
यह संसार असार रहा भरा हुआ छल-छन्दों से
बाजी कहीं न हार चलूँ, गफ़लत में मुझे न रखना ॥3॥

तेरे दर्शन की चाह-लालसा बनी हुई है मन में
देकर उससे कृतार्थ करो मुझे सदाशिव! जगदीश्वर!
जी करता है बलि जाऊँ मैं तुम पर हे शिवशंकर!
मुझे भरोसा है तेरा, क्षमा करो प्रभु, खुश होकर ॥4॥

चरण-कमल धर धीरे-धीरे काश! कभी तुम आ जाओ।
मैं सर्वस्व लुटा दूँगा उन चरणों पर खुश होकर।
शम्भुनाथ! तेरे आते ही घर के सूखे सोतो से
फिर से बहने लग जाये तव पानी उमड़ उमड़ कर। ॥5॥

हे अमरनाथ! हे नीलकंठ! मैं तेरे शुभ चरणों पर,
करूँ अर्चना खुशी खुशी से अपना शीश चढ़ाकर।
करूँ कामना-बना रहे भक्त कृष्ण पर दयाभाव,
मुझमें तेरी चाह जगी और जगा विश्वास अमर ॥6॥

•••

WITH BEST COMPLIMENTS FROM :



GANJOO PUMPS 'N' PROJECTS

[GROUP CONCERN OF
PT. SHUKHDEV GANJOO & SONS (SOPORE)]

SPECIALISED IN

ALL KINDS O F PUMPING
SOLUTIONS WITH
COMPLETE TECHNICAL SUPPORT.

D-135, SECTOR-63, NOIDA-201301
PH. NO. 0120 - 2402479, 0120 - 2403267
0120 - 5325857, 9873408574

Our Vision

of the future takes shape.

To make banking easier and faster for you, we've significantly enhanced efficiency and become a strong technology driven bakn.

- The fastest growing bank in India with more than 436 branches spread across the country.
- 216 branches fully computerised, constituting more than 80% of our total business.
- Launched co-branded J&K Bank- American Express Credit Cards.
- Providing (State-of-Art) Anywhere Banking through our own VSAT Network.
- ATM facility available at 19 branches and will go upto 75 branches during the year.
- SWIFT connectivity at 14 locations facilitating NRI customers.
- Best Interest Rates and International Level facility for NRI / NRO customers.
- Depository Services available at Delhi, Jammu and Srinagar.
- Introducing Inter-net Banking shortly.

Our vision is to be at the forefront of the natiion's banking industry, with committed people working as a team to create customer satisfaction.

THE JAMMU & KASHMIR BANK LTD.

Committed to earning your Trust

With Best Compliments from :

OCEAN TO SKY

Our Service Knows No Limits

WE FORGE :

FLANGES, BLANKS
DISCS, COVERS,
TUBE SHEETS
RINGS

UNDER THE INSPECTION OF :

EIL, DNV,
BVQI, H & G,
LLOYDS, TUV,
THE PUNJAB STEEL WORKS

B 38, Mayapuri Industrial Area, Phase 1, New Delhi, 110064, India.
Telephone No. : + 91 11 51013400, 28115960
Fax No. : + 91 11 51011400 / 51012400
Website : www.pswforge.com
e-mail : pswforge@yahoo.com, pswforge@touchtelindia.net